


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-286 | सीहोर, मंगलवार 07 जनवरी 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने जवानों से भरी गाड़ी को उड़ाया, 8 DRG सहित 9 जवान शहीद



बीजापुर, जगदलपुर(ए.)। अबूझमाड़ के दक्षिणी हिस्से में नक्सलियों से हुई मुठभेड़ के बाद लौट रहे जवानों के पिकअप वाहन को सोमवार दोपहर को नक्सलियों ने विस्फोट से उड़ा दिया है। इसमें जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के नौ जवान शहीद हो गए है। इसमें एक ड्राइवर शामिल है।

बस्तर आइजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि यह वारदात बीजापुर जिले के कुटरू क्षेत्र में हुई है। रविवार को नारायणपुर में हुई मुठभेड़ के बाद जवान लौट रहे थे। चार दिन तक जंगल में पैदल चलने के बाद जवान थके हुए थे, इसलिए वे पिकअप वाहन में सवार हो गए। विस्फोट के समय वाहन में लगभग 20 जवान सवार थे। दुर्घटना की सूचना के बाद बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव घटनास्थल की ओर निकल गए हैं। घायल जवानों को वहां से निकालने बचाव अभियान प्रारंभ कर दिया गया है।

बता दें कि इस मुठभेड़ में डीआरजी के प्रधान आरक्षक सन्नू कारम शहीद हो गए थे। वे आत्मसमर्पित नक्सली थे। 2017 में उन्होंने समर्पण किया था। 2019 में वह जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) में शामिल हुआ था। इसके बाद वह लगातार कई मुठभेड़ में शामिल रहा है। वहीं इस मुठभेड़ में सोमवार को एक और पुरुष नक्सली का शव मिला है।इसके साथ ही अब तक दो महिला सहित पांच वर्दीधारी नक्सलियों के शव पुलिस को मिल चुके हैं। पुलिस के अनुसार मारे गए नक्सली दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) पीएलजीए प्लाटून नंबर 32 के वरिष्ठ कैडर के हो सकते हैं। नक्सलियों की पहचान की जा रही है। घटनास्थल से अब तक एके-47, सेल्फ लोडिंग रायफल व अन्य अत्याधुनिक हथियार बरामद किए हैं। इस अभियान में चार जिले दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बस्तर एवं कोंडागांव की जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के साथ स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की संयुक्त पार्टी दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में अभियान पर है।

## मुख्यमंत्री आतिशी के निकले आंसू, कहा- रमेश बिधूड़ी मेरे बुजुर्ग पिता को दे रहे हैं गालियां

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर लगातार जारी है। इसी बीच दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रोते हुए रमेश बिधूड़ी पर आरोप लगाया कि वह उनके बुजुर्ग पिता को लगातार गालियां दे रहे हैं और वोट मांग रहे हैं। उन्हें दिल्ली की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

आतिशी प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते-बोलते भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी उनके पिताजी को गालियां देकर दिल्ली की जनता का अपमान कर रहे हैं। बिधूड़ी जी अपने काम के आधार पर वोट मांगें, वह मेरे बुजुर्ग पिताजी को गालियां देकर क्यों वोट मांग रहे हैं? दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मीडिया से बातचीत के दौरान अचानक कैमरे के सामने रोने लगीं। आतिशी की भावुक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।



मथुरा में प्रदूषित यमुना नदी में तैरते जहरीले झाग के बीच नाव चलाते लोग।

## कनाडा के पीएम ट्रूडो ने दिया इस्तीफा

ओटावा, (ए)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सोमवार शाम को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी के नेता




पद भी छोड़ दिया। इस्तीफे से पहले उन्होंने देश को संबोधित किया। कहा कि वे अगले चुनाव के लिए अच्छे विकल्प नहीं हो सकते।

ट्रूडो ने कहा, अगर में घर में लड़ाई लड़नी पड़ेगी तो आने वाले चुनाव में सबसे बेहतर विकल्प नहीं बन पाऊंगा। उन्होंने खुद को एक अच्छा योद्धा बताया। कहा कि उन्हें कनाडाई लोगों की बहुत परवाह है। मैं हमेशा कनाडाई लोगों की भलाई के लिए काम करता रहूंगा। रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम ट्रूडो प्रधानमंत्री के पद पर तब तक बने रहेंगे जब तक उनका उत्तराधिकारी नहीं चुन लिया जाता। उनका कार्यकाल अक्टूबर था। इस्तीफे के बाद जल्द चुनाव हो सकते हैं। वे नवंबर 2015 से 10 साल तक देश के प्रधानमंत्री रहे। क्रिस्टिया फ्रीलैंड ट्रूडो की सबसे प्रभावशाली और वफादार मंत्री मानी जाती रही हैं। उन्होंने पिछले महीने इस्तीफा दे दिया था। क्रिस्टिया फ्रीलैंड ट्रूडो की सबसे प्रभावशाली और वफादार मंत्री मानी जाती रही हैं। उन्होंने पिछले महीने इस्तीफा दे दिया था। ट्रूडो पर उनकी लिबरल पार्टी के सांसदों की तरफ से कई महीनों से पद छोड़ने का दबाव बनाया जा रहा था। इस वजह से ट्रूडो अलग-थलग पड़ते जा रहे थे।

## हाईकोर्ट ने सरकार को पीथमपुर में कचरा जलाने के लिए दिया 6 सप्ताह का समय, अगली सुनवाई 18 फरवरी को

जबलपुर(ए)। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने यूनियन कार्बाइड कचरा निस्तारण के लिए मध्य प्रदेश शासन को छह सप्ताह का समय दे दिया है। यह व्यवस्था सरकार की ओर से की गई मांग को स्वीकार करते हुए दी गई। इसी के साथ मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को निर्धारित कर दी गई।इस दौरान राज्य शसन की ओर से शपथपत्र प्रस्तुत कर पूर्व आदेश का पालन सुनिश्चित किए जाने की जानकारी दी गई। कोर्ट को अवगत कराया गया कि हाई कोर्ट के आदेश के परिपालन में एक जनवरी, 2025 को ग्रीन कॉरीडोर बनाकर कचरा भोपाल से पीथमपुर भेजा जा चुका है। इस प्रक्रिया में फायर ब्रिगेड, डाक्टरों व विशेषज्ञों की टीम सहित अन्य सभी सुरक्षा के सभी मानदंडों का पूर्ण पालन किया गया था। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने राज्य शासन के शपथपत्र को अभिलेख पर ले लिया। साथ ही राज्य शासन को निर्देश दे दिया कि वह सुरक्षा के सभी उपाय अपनाते हुए तीन दिसंबर को पारित आदेश के पूर्ण पालन की दिशा में गंभीरता बरतते हुए आगे की प्रक्रिया को गति दें। सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह खड़े हुए।



उन्होंने भोपाल से पीथमपुर तक परिवहन करके लाए गए कचरा कंटेनरों को निरस्तारित करने की अनुमति दिए जाने का निवेदन किया।इस पर हाई कोर्ट ने कहा कि जब कचरे का भोपाल से पीथमपुर तक सुरक्षित तरीके से कंटेनरों में परिवहन हो ही गया है तो फिर उसके पीथमपुर में वैज्ञानिक प्रविधि से निस्तारण के लिए अलग से अनुमति की कोई आवश्यकता नहीं है। सरकार छह सप्ताह की मोहलत का सदुपयोग करे और आगामी सुनवाई तिथि 18 फरवरी को पालन प्रतिवेदन कोर्ट के पटल पर रखें।

महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने दलील दी कि मीडिया की कचरा निस्तारण से एक और त्रासदी न हो जाए जैसी फेक रिपोर्ट के कारण पीथमपुर में जनाक्रोश भड़का है। जिसके कारण प्रदर्शन प्रारंभ हो गए। यहां तक कि पुलिस पर पथराव तक हो गया। अतएव, पीथमपुर की स्थानीय जनता का विश्वास जीतने समय अपेक्षित है। कोर्ट ने इसी आधार पर छह सप्ताह का समय दे दिया।

### मीडिया फेक न्यूज के जरिए गलत संदेश प्रचारित न करें

उक्त जानकारी को गंभीरता से लेकर हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत ने मीडिया को हिदायत दे दी कि वह फेक न्यूज के जरिए गलत संदेश प्रचारित न करें। प्रिंट व इलेक्ट्रानिक के अलावा समानांतर वैकल्पिक मीडिया इस बात का ध्यान रखें।जनहित याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने कहा कि 40 वर्ष पूर्व भोपाल गैस त्रासदी हुई थी, जिसका कचरा अब तक निस्तारित नहीं हुआ है। हाई कोर्ट तीन दिसंबर को स्पष्ट आदेश पारित कर चुका है, जिसका सरकार को हर हाल में पालन सुनिश्चित करना चाहिए।इस पर महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने साफ किया कि हमने कोर्ट के पूर्व आदेश के एक भाग का पाल करते हुए सुरक्षित तरीके से कंटेरनरों में कचरा परिवहन कर दिया है।

## भारत में एचएमपीवी वायरस का तीसरा केस मिला, अहमदाबाद में 2 महीने का बच्चा पॉजिटिव; एडवाइजरी जारी

अहमदाबाद (आरएनएस)। चीन में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। भारत में भी एचएमपीवी




वायरस के मामले सामने आने लगे हैं। बेंगलुरु के बाद गुजरात के अहमदाबाद में 2 महीने के बच्चे की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बच्चे का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

भारत में अब तक एचएमपीवी वायरस के तीन मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से दो कर्नाटक में और अब एक मामला गुजरात के अहमदाबाद से सामने आया है। बच्चे में सर्दी और बुखार के लक्षण हैं। निजी अस्पताल की एक लैब के अनुसार, बच्चे की एचएमवीपी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बच्चा मोडासा के नजदीक एक गांव का रहने वाला है। बच्चे की तबीयत सामान्य बताई जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गुजरात स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को हेल्थ एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने वायरस की गंभीरता को देखते हुए लोगों को सलाह दी है कि यदि आप खांसते या छींकते हैं तो अपने मुंह और नाक को रुमाल से ढके रहें। बीमार हैं तो सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचें। यदि सांस संबंधी समस्या होने पर तुरंत डॉक्टरों को दिखाएं।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एचएमपीवी वायरस वायरस मुख्य रूप से पीड़ित व्यक्ति के श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है। इसके लक्षण कई मामलों में कोविड-19 के समान ही होते हैं।

## घर में मृत मिले एक ही परिवार के 4 सदस्य, मरने वालों में दो मासूम भी शामिल

नई दिल्ली (आरएनएस)। आईटी सिटी बेंगलुरु में एक दुखद घटना सामने आई है जहाँ एक ही परिवार के चार सदस्यों के शव उनके किराये के मकान में बरामद हुए हैं। यह घटना शहर के सदाशिवनगर पुलिस थाने के अंतर्गत एक इलाके में हुई। मृतकों में दो छोटे बच्चे भी शामिल हैं, जिनकी उम्र 5 और 2 साल है। यह परिवार सुबह ही मृत पाया गया, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। फिलहाल, उनकी मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है और पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। बेंगलुरु सिटी सेंट्रल के डीसीपी शेखर एच टेकनवर के अनुसार, मृत पाया गया परिवार उत्तर प्रदेश के प्रयागराज (इलाहाबाद) का रहने वाला है। पुलिस मृतकों के बारे में और जानकारी जुटाने में लगी हुई है।इस दुखद घटना में जिन लोगों की जान गई, उनकी पहचान इस प्रकार है- अनुप कुमार, 38 वर्ष के थे और बेंगलुरु में एक निजी फर्म में काम करते थे। उनकी पत्नी राखी, 35 वर्ष की थीं। उनके अलावा, उनकी एक 5 वर्षीय बेटी और एक 2 वर्षीय बेटे की भी इस घटना में मृत्यु हो गई।

## गुरु गोबिंद सिंह जी की जीवन यात्रा सभी के लिए प्रेरणादायी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरू गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर गुरूद्वारे में टेका मत्था



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुरू गोबिंद सिंह ने देश और धर्म के गौरव की रक्षा तथा मूल धर्म की स्थापना के लिए अपने चार साहिबजादों और परिवार का जो बलिदान दिया उसके लिए संपूर्ण राष्ट्र नतमस्तक है। देश के स्वाभिमान और संस्कृति को विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ अपने परिवार को कुर्बान कर देने वाली गुरू जी की जीवन यात्रा सभी के लिए प्रेरणादायी है। गुरू गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना कर यह बताया कि देश और संस्कृति के लिए हथियार उठाकर बहादुरी के साथ लड़ना जरूरी है। धर्म, संस्कृति और इतिहास को बचाने का उनका प्रयास सम्पूर्ण विश्व के सामने एक प्रभावी, अतुलनीय और अद्भुत उदाहरण है। हर युग और हर काल में उनकी शहादत याद रखी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सिखों के 10वें गुरू खालसा पंथ के संस्थापक गुरू गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर गुरूद्वारा हमीदिया रोड में मत्था टेकने के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। सभी गुरूओं के वचनों को एकत्र कर गुरू ग्रंथ साहब को प्रदान किया मार्गदर्शक का स्वरूपमुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरू गोबिंद सिंह इस रूप में भी भाग्यशाली थे कि उनके परिवार के छोटे से छोटे बच्चे में भी देश, धर्म व संस्कृति के लिए गौरव की अनुभूति थी और वह अपने धर्म और जीवन मूल्यों के लिए बलिदान देने के लिए तत्पर था। गुरू गोबिंद सिंह ने कई आध्यात्मिक प्रश्नों के उत्तर खोजने का प्रयास किया। उन्होंने सभी गुरूओं के पवित्र वचनों को एकत्र करते हुए गुरू ग्रंथ साहब को पंथ के मार्गदर्शक का स्वरूप प्रदान किया।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामला : मुंबई क्राइम ब्रांच ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की, बताई हत्या की वजह

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई क्राइम ब्रांच ने एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) कोर्ट में 4,590 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की। चार्जशीट में बाबा सिद्दीकी के मर्डर केस मामले में 26 आरोपियों को नामजद किया गया है। इसके अलावा इसमें तीन आरोपियों जीशान अख्तर, शुभम लोनकर, अनमोल बिश्नोई को फरार बताया है। चार्जशीट में कई लोगों के बयान भी पुलिस ने दर्ज किए हैं। क्राइम ब्रांच की जांच के अनुसार, बाबा सिद्दीकी हत्या के तीन प्रमुख कारण हैं। पहला सलमान खान से करीबी, अनुज थप्पन की आत्महत्या का बदला या बिश्नोई गैंग का मुंबई में वर्चस्व स्थापित करना और अपना खौफ बढ़ाना। क्राइम ब्रांच हत्या की इन तीन वजहों को स्थापित करने के लिए आरोपी शुभम लोनकर की फेसबुक पोस्ट को भी आधार बनाया है। चार्जशीट में 210 लोगों के बयान भी दर्ज हैं।

## कैंसर और न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के इलाज में नई उम्मीद

### भारतीय मूल के वैज्ञानिक ने की बड़ी खोज

नई दिल्ली, (आरएनएस)। कैंसर और न्यूरोलॉजिकल बीमारियों जैसे गंभीर रोगों के इलाज में एक बड़ा कदम बढ़ाते हुए, भारतीय मूल के अमेरिकी वैज्ञानिक डॉ. इंद्रजीत शर्मा ने एक नई खोज की है। यह खोज




दवाओं को ज्यादा असरदार, सस्ती और सुरक्षित बनाने का वादा करती है। इस महत्वपूर्ण घोषणा के लिए आज नई दिल्ली के प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें देश के प्रमुख संस्थानों से विशेषज्ञ शामिल हुए।अपनी रिसर्च से डॉ. शर्मा और उनकी टीम ने दवाओं में नाइट्रोजन तत्व को बेहतर तरीके से जोड़ने का नया तरीका विकसित किया है। नाइट्रोजन हमारी जीवन प्रक्रियाओं के लिए जरूरी है और यह डीएनए, प्रोटीन और लगभग 80 प्रतिशत आधुनिक दवाओं का मुख्य हिस्सा है। इस तकनीक से दवाओं को बनाने में लगने वाली लागत 100 से 200 गुना तक घटाई जा सकती है। इसका मतलब है कि ये दवाएं अब मरीजों के लिए पहले से कहीं ज्यादा किफायती हो सकती हैं। इस मौके पर बोलते हुए, डॉ. शर्मा ने कहा, हमारा मकसद सिर्फ नई दवाएं बनाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि ये दवाएं हर जरूरतमंद तक पहुंचे। हमारे तरीके से न केवल दवाओं को ज्यादा असरदार बनाया जा सकता है, बल्कि इन्हें दूसरी बीमारियों के इलाज में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

## सागर में ट्रक से टकराई बोलेरो, चार की मौत

सागर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के सागर जिले में सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार बोलेरो कार सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। घायलों को सागर रेफर किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह काफी घना कोहरा था और इसी दौरान एक बोलेरो कार शाहगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत हीरापुर चौकी क्षेत्र में सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। बोलेरो में सात लोग सवार थे, जो शाहगढ़ थाना क्षेत्र के अगरा से सागर जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से बोलेरो की टक्कर हो गई। बोलेरो में सवार सात लोगों में से चार की मौत हो गई। ये सभी लोग शाहगढ़ के आसपास के ही निवासी हैं। वही तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को सागर अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

## MP में अगले 24 घंटों में कड़ाके की ठंड




भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश के मौसम में उतार-चढ़ाव का सिलसिला फिलहाल जारी है। सोमवार को प्रदेश के अधिकांश इलाकों में दिन और रात के तापमान में मामूली वृद्धि हुई है। हालांकि कहीं-कहीं घना कोहरा भी छाया। यह स्थिति मंगलवार को भी देखने को मिल सकती है।मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, बुधवार से प्रदेश में ठंड का तीसरा दौर शुरू हो सकता है, क्योंकि पाकिस्तान और जम्मू के आसपास हवा के ऊपरी भाग में एक सिस्टम बना हुआ है। उत्तर पूर्वी राजस्थान में जेट स्ट्रीम भी है। इस सिस्टम के निकाल जाने के बाद प्रदेश में फिर से उत्तरी हवाएं आने लगेंगी, जिससे फिर से ठंड का दौर शुरू हो सकता है कड़ाके की ठंडसोमवार को प्रदेश की राजधानी भोपाल, इंदौर, जबलपुर में दिन और रात के तापमान वृद्धि हुई। इसके चलते दिन में गर्मी का अहसास हुआ। वहीं, ग्वालियर, खजुराहो, नौगांव, रीवा और सतना में दिन के तापमान में आई कमी की वजह से लोगों को कड़ाके की ठंड महसूस हुई।

## राज्यपाल ने जताई विधानसभा में राष्ट्रगान के तिरस्कार पर आपत्ति

चेन्नई (आरएनएस)। तमिलनाडु विधानसभा में सोमवार को राज्यपाल आर.एन रवि राष्ट्रगान और संविधान का तिरस्कार किए जाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए बाहर चले गए। इस बारे में राज्यपाल कार्यालय ने सोशल मीडिया पर अपने एक्स हैंडल पर जानकारी दी। राज्यपाल ने जताई तमिलनाडु विधानसभा में राष्ट्रगान के तिरस्कार पर आपत्ति राज्यपाल के आधिकारिक एक्स हैंडल पर कहा गया कि तमिलनाडु विधानसभा में आज एक बार फिर संविधान और राष्ट्रगान का अपमान किया गया। विधानसभा में राज्यपाल के आने पर केवल तमिल थाई वाज़्थु गाया गया, जबकि संविधान में राष्ट्रगान का सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। एक्स पर आगे कहा गया कि राज्यपाल ने इस पर आपत्ति जताते हुए सदन को उसके संवैधानिक कर्तव्य की याद दिलाई और मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष से राष्ट्रगान गाने का अनुरोध किया।

### तीसरी आंख









# खेल गतिविधियां जीवन में सकारात्मकता और ऊर्जा का संचार करती हैं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



## -नई शिक्षा नीति के माध्यम से स्पोर्टस टीचर्स भी बन सकेंगे वाइस चांसलर
## -मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 30 वें इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारंभ

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खेल गतिविधियां जीवन में सकारात्मकता और ऊर्जा का संचार करती हैं। भारतीय संस्कृति में खेलों की समृद्ध और उत्कृष्ट परम्परा रही है। नई शिक्षा नीति के माध्यम से खेल के आधार पर डिग्री प्राप्त करने और स्पोर्टस टीचर को असिस्टेंट प्रोफेसर से लेकर वाइस चांसलर तक बनने की व्यवस्था स्थापित की गई है। खेल, व्यक्ति की दक्षता, क्षमता और योग्यता के प्रकटीकरण के प्रभावी माध्यम हैं। राज्य शासन प्रत्येक स्तर पर खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में सभी खेलों को प्रोत्साहित कर प्रतिभाओं को निखारने के लिए आवश्यक व्यवस्था स्थापित की है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में इसके परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं।

भोपाल में बेहतर क्रिकेट स्टेडियम विकसित करने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल के खेल पत्रकार संघ द्वारा आयोजित 30 वें इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओल्ड केम्पियन ग्राउंड पर बल्लेबाजी कर टूर्नामेंट की शुरूआत की। इस अवसर पर खेल मंत्री विश्वास सारंग, पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह, खेल पत्रकार संघ के संरक्षण मृगेंद्र सिंह सहित संघ के पदाधिकारी, मीडिया कर्मी एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## 11 जनवरी को जबलपुर से रवाना होने वाली दयोदय एक्सप्रेस वाया कोटा-चंदेरिया होकर जाएगी अजमेर

भोपाल (ए.)। पूर्व में जारी अधिसूचना के अनुसार 11 जनवरी को रवाना होने वाली जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस को सवाई माधोपुर में शार्ट टर्मिनेट /ओरजिनेट करने का निर्णय लिया गया था जिसमें बदलाव किया गया है। अब यह ट्रेन 11 जनवरी 2025 को जबलपुर से प्रस्थान करने वाली गाडी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस सवाई माधोपुर नहीं जाएगी बल्कि उसके स्थान पर वाया कोटा-चंदेरिया होकर अजमेर जाएगी। अर्थात यह ट्रेन कोटा-सवाईमाधोपुर-अजमेर स्टेशनों के बीच आंशिक रद्द रहेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर दयोदय एक्सप्रेस जो दिनांक 12 जनवरी 2025 को अजमेर से अपने निर्धारित समय से 01 घंटा देरी से प्रस्थान कर अजमेर-सवाईमाधोपुर-कोटा होकर अपने निर्धारित मार्ग से ही संचालित होगी। यात्रीगण कृपया असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /139 रेल मदद से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

## 16 जनवरी से वैवाहिक मुहूर्त होंगे शुरू, इस वर्ष 76 दिन होंगे विवाह



भोपाल (आरएनएस)। इस वर्ष में सूर्य 15 जनवरी को मकर राशि में गोचर करेंगे। ऐसे में 15 जनवरी से खरमास समाप्त हो जाएंगे। इसके बाद शुभ व मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाएगी। 16 जनवरी से फ़िर से विवाह के मुहूत शुरु हो जाएंगे। शहनाइयों की धुन चारों तरफसुनाई देगी। 2025 में विवाह क लगभग 76 शुभ मुहूर्त हैं। पंडित विष्णु राजौरिया के अनुसार सूर्य देव जब गुरु की राशि धनु और मीन में प्रवेश करते हैं तो वह अपने गुरु की सेवा में लग जाते हैं और उनका प्रभाव कम हो जाता है। इस समय कोई भी शुभ कार्य नहीं होता है। शुभ कार्य के वक्त सूर्य और गुरु दोनों का ही शुभ स्थिति में होना बेहद जरूरी होता है। इसके बाद 16 जनवरी साल 2025 से शहनाई की धुन एक बार फ़िर सुनाई देगी।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम जनमन योजना अंतर्गत 21 जिलों में 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित किया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में उद्योगों का तीव्र गति से विकास हो रहा है : मंत्री श्री काश्यप

## लघु उद्योग भारती के कार्यक्रम में हुए शामिल

भोपाल (निप्र)। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उद्योगों का तीव्र गति से विकास किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में संभागीय इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किये जा रहे हैं, जिसके अच्छे परिणाम आ रहे हैं। मंत्री श्री काश्यप इंदौर में लघु उद्योग भारती की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे ।कार्यक्रम में मंत्री श्री कश्यप द्वारा मालवा प्रांत के 15 जिलों से आए उद्यमियों के साथ संवाद किया एवं विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने उद्यमियों के विभिन्न विषयों का समाधान भी किया गया। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि लघु उद्योग भारती उद्यमिता के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही है। हमें विश्वास है कि सरकार और संस्था मिलकर आगे और भी अच्छे कार्य करेंगे। अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद, उपाध्यक्ष ताराचंद गोयल, प्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा, प्रदेश महामंत्री अरुण सोनी सहित



बड़ी संख्या में उद्यमी और मालवा के विभिन्न जिलों से 200 से अधिक उद्यमी उपस्थिति रहे।

## महिलाओ को देखकर कपड़े उतारने वाले युवक फरार

भोपाल(ए)। कोलार पुलिस मामला दर्ज करने के बाद ऐसे युवको की तलाश कर रही , जो इलाके में स्थित एक अपार्टमेंट में रहते हुए सामने रहने वाली महिलाओं को देखकर अपने कपड़े उतार देते थे। आरोपी तीन दिनो से ऐसी हरकते कर रहे थे, जिसके बाद परेशान महिलाओ ने पुलिस से शिकायत की थी। मिली जानकारी के अनुसार कोलार रोड स्थित सर्वधर्म के पास नजदीक सागर अपार्टमेंट के एक फ्लैट में दक्षिण भारत के दो युवक रहते है, दोनो युवक आपस में रिश्तेदार हैं। आरोप है कि दोनो युवक अपार्टमेंट के सामने रहने वाली महिलाओं को देखकर अपने कपड़े उतार देते थे। पहले तो महिलाओ ने नजर अंदाज किया लेकिन आरोपी तीन दिन तक महिलाओ को देखकर जानबूझकर ऐसा ही करते रहे। उनकी हरकतो पर आपत्ति जताते हुए जब पीड़ित महिलाओं ने उनकी हरकतो का विरोध करते हुए आगे से ऐसा न करने की समझाईश दी, लेकिन युवको ने अपनी गलती न मानते हुए उल्टा धमकाते हुए कहा की वे जो भी करते है, अपने फ्लैट के भीतर करते हैं, और यह उनकी निजी जिंदगी हैं। युवको के उल्टा चलने पर वहॉ भारी हंगामा हो गया, इसके बाद सूचन मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले दोनो आरोपी वहॉ से फरार हो गये थे। मामले में पुलिस ने एक 38 वर्षीय महिला की शिकायत पर रमेश अय्यर और गणेश अय्यर के खिलाफ 28 दिसंबर को प्रकरण दर्ज किया था।

## अवैध हथियारों और गोला-बारुद के निर्माण विक्रय परिवहन एवं उपयोग को नियंत्रित करने उच्च स्तरीय समिति गठित

भोपाल( निप्र)। राज्य शासन ने अवैध हथियारों और गोला-बारूद के निर्माण, विक्रय, परिवहन एवं उसके उपयोग को नियंत्रित करने के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति में अपर मुख्य सचिव गृह को सदस्य सचिव तथा पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, सचिव विधि एवं विधायी कार्य विभाग और विनय मिश्रा बैलेस्टिक विशेषज्ञ (वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी) को सदस्य के रूप में नामित किया गया है।

## गुरु गोविंद सिंह जी पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है : राज्यमंत्री श्रीमती गौर

भोपाल (ए.)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र धर्म के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने हमें सिखाया कि धर्म, समाज व राष्ट्र के प्रति हमारी पहले जिम्मेदारी है। यह बात उन्होंने सोमवार को गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा श्री दशमेश दरबार साहिब, आनंद नगर में कहीं। उन्होंने गुरुद्वारा में मात्था टेका और अरदास की। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि यह पर्व न केवल सिख समुदाय के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। गुरु गोविंद सिंह जी की राष्ट्र के प्रति समर्पण की हर जगह चर्चा होती है। उन्हें सिखों के 10वें गुरु के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने धर्म को सशक्त बनाने का काम किया।


# 07083/07084 मचिलीपटनम-आजमगढ़-मचिलीपटनम महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन

## भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी

रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महाकुंभ मेला विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 07083/07084 मचिलीपटनम-आजमगढ़- मचिलीपटनम महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन 01-01 ट्रिप चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

### गाड़ी संख्या 07083 मचिलीपटनम-आजमगढ़ महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन( 01 ट्रिप )

गाड़ी संख्या 07083 मचिलीपटनम-आजमगढ़ महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन दिनांक 05 फरवरी 2025 को मचिलीपटनम स्टेशन से रात 22.00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन शाम 17.40 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन शाम 17.15 बजे आजमगढ़ स्टेशन



पहुंचेगी।

### गाड़ी संख्या 07084 आजमगढ़-मचिलीपटनम महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन ( 01 ट्रिप )

गाड़ी संख्या 07084 आजमगढ़-मचिलीपटनम महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन दिनांक 07 फरवरी 2025 को रात्रि 19.45 बजे आजमगढ़ स्टेशन से प्रस्थान कर, अगले दिन 15.40 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 09.00 बजे मचिलीपटनम स्टेशन पहुंचेगी।

गाड़ी के हाल्ट: रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में गुदलवल्लेरू, गुदिवाड़ा जंक्शन, विजयवाड़ा जंक्शन, खम्मम, वारंगल, रामागुंडम, मंचेरियल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, बैतूल, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, वाराणसी जंक्शन, शाहगंज जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी।

कोच संरचना: इस विशेष ट्रेन में 09 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी, 08 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के डिब्बे सहित कुल 22 डिब्बे होंगे। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

## भाजपा और विकास एक दूसरे के पूरक हैं : भगवानदास सबनानी



भोपाल (आरएनएस) ।दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 26 के बरखेड़ी कला में रविवार का दिन विशेष उपलब्धियों भरा रहा। बरखेड़ी कला में दो सीसी रोड निर्माण के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने महापौर मालती राय के साथ भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर सबनानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और विकास एक दूसरे के पूरक है, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास के नए आयाम लिखें है, आज देश में ही नहीं विदेशों में भी हमारे प्रधानमंत्री जी का नाम बड़े गर्व से लिया जाता है,भारतीय जनता पार्टी हमेशा ही विकास के बल पर ही जनता का भरोसा जीतती आई है, श्रद्धेय अटल जी ने प्रधानमंत्री सड़क योजना से प्रत्येक गांव को मुख्य धारा में जोड़कर गांवों के लिए विकास के सारे रास्ते खोल दिए। हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन याद भी जनता की सुविधाओं के विस्तार के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहते हैं। बरखेड़ी कला में आज हम दो सीसी रोड निर्माण के लिए भूमि पूजन कर रहे हैं, अति शीघ्र ही यह निर्माण कर चालू हो जाएगा और जनता को सुविधाजनक रास्ते की सुविधा मिल जाऐगी। महापौर मालती राय ने कहा कि नगर निगम शहर के विकास में हमेशा अपना योगदान देता रहा है, और भाई साहब के साथ मिलकर विकास की योजनाओं को और गति मिल रही है। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष आरती अनेजा, पार्षद राजमणि उईके जिला कार्यालय प्रभारी राजू अनेजा,मंडल अध्यक्ष हेमंत बडगैया, मंडल अध्यक्ष मुकेश देहाड़े, मंडल अध्यक्ष सोनू पालीवाल,वरिष्ठ भाजपा नेता लीलेंद्र मारण, जीवन मारण पुष्पराज सिंह,वंदना परिहार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नगरीकरण उपस्थित रहे।

# भोपाल से महाकुंभ के साथ वाराणसी, गंगासागर एवं पुरी यात्रा के लिए रवाना होगी भारत गौरव पर्यटक ट्रैन




## भोपाल मंडल के रानी कमलापति एवं इटारसी से होकर गुजरेगी

भोपाल (निप्र)। मध्य प्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह ट्रेन 6 फरवरी 2025 को इंदौर से महाकुंभ के साथ वाराणसी, गंगासागर और पुरी यात्रा के लिए प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन इंदौर, देवास, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर और कटनी स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जहाँ यात्री इस पर सवार हो सकते हैं। आठ रातों और नौ दिनों की इस यात्रा में वाराणसी, प्रयागराज (महाकुंभ), गंगासागर, कोलकाता और पुरी के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। आईआरसीटीसी ने इस यात्रा के लिए तीन श्रेणियों में शुल्क निर्धारित किया है। स्लीपर इकॉनमी श्रेणी के लिए 24,500 प्रति व्यक्ति, 3एसी स्टैंडर्ड श्रेणी के लिए 34,400 प्रति व्यक्ति और 2एसी कम्फर्ट श्रेणी के लिए 42,600 प्रति व्यक्ति शुल्क रखा गया है।

इस सर्व-समावेशी पैकेज में आरामदायक रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड और ऑफ-बोर्ड भोजन, गुणवत्तापूर्ण बसों से दर्शनीय स्थलों का भ्रमण, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास व्यवस्था, टूर एस्कॉर्ट्स, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग सेवाएं शामिल हैं।

महाकुंभ प्रयागराज के लिए आईआरसीटीसी की टेंट सिटी की अलग से बुकिंग भी उपलब्ध है, जिसे आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctctourism.com पर या अधिकृत एजेंट के माध्यम से कराया जा सकता है।

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में बढ़े 4 लाख 97 हजार 404 मतदाता

भोपाल (ए.)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने सोमवार को निर्वाचन सदन भोपाल में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूचियां प्रदान की गई। सीईओ श्री सिंह ने बताया कि प्रदेश में कुल 230 विधानसभा क्षेत्र और 65 हजार 014 मतदान केंद्र है। सीईओ श्री सिंह ने बताया कि प्रदेश में 29 अक्टूबर 2024 से मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ था। इसी दिन से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने और मतदाता सूची से नाम हटवाने के लिए आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू हुई थी जो 28 नंवबर 2024 तक चली। दावे आपत्तियों का निराकरण 24 दिसंबर 2024 तक किया गया। मतदाता सूची का प्रदेश के सभी जिलों में अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को किया गया। प्रदेश में मतदाता सूची के प्रारुप प्रकाशन के दौरान मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 65 लाख 94 हजार 963 थी। अंतिम प्रकाशन के दौरान प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 70 लाख 92 हजार 367 है। श्री सिंह ने बताया कि प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान 7 लाख 98 हजार 469 नाम जोड़े गए और 3 लाख 01 हजार 65 नाम हटाए गए। इसी तरह से 3 लाख 13 हजार 642 मतदाताओं के वोटर आईडी कार्ड में संशोधन किया गया।

# सास की सूझबूझ से बहू बच गई डिजीटल अरेस्ट का शिकार होने से

## मनी लांड्रिंग के आरोप में बैंक की असिस्टेंट मैनेजर को एक घंटे तक रखा डिजिटल अरेस्ट

भोपाल(ए)। नये शहर के कोलार इलाके में दानिश कुंज में रहने वाली बैंक की असिस्टेंट मैनेजर को सायबर ठगो ने क्राइम ब्रांच दिल्ली का बताकर उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर लिया। जालसाजो ने उनके दस्तावेज के जरिए मनी लॉड्रिंग के 2 करोड़ 56 लाख रुपए उनके बैंक अकाउंट में आने पर मामला दर्ज होने का डर दिखाया था। मैनेजर की सास ने सूझबूझ दिखाते हुए इसकी सूचना एक रिश्तेदार को दी, जिसके बाद रिश्तेदारों कोलार थाने पहुंचे और सारी बात बताई। कोलार पुलिस तुरंत ही मौके पर पहुंची जिसके बाद नकली क्राइम ब्रांच बने जालसाजो ने कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया। पुलिस के अनुसार 31 वर्षीय प्रणाली टिकेकर (31) बैंक ऑफ इंडिया में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर हैं। रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे उन्हें अनजान नंबर से फोन आया। दूसरी और से बात करने वाले व्यक्ति ने खुद का परिचय क्राइम ब्रांच दिल्ली के अधिकारी के रुप में देते हुए बताया कि आपके आधार कार्ड, पेन कार्ड व एटीएम कार्ड के जरिए मनी लॉड्रिंग के 2 करोड़ 56 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ है। ठगो की बात सुनकर वह परेशान हो गई और अपनी सफाई दी। इस पर जालसाजों ने उन्हें वीडियो कॉल पर आने के लिए कहा। वीडिया कॉल करने पर सामने वर्दी में पुलिस अधिकारी दिखाई दिए। फर्जी अधिकारियो ने उनसे कहा कि आपके बयान दर्ज किए जाना है, किसी प्रकार की कोई रुकावट नहीं होनी चाहिए। आपको डिजिटली अरेस्ट किया गया है, आप घर से बाहर नहीं जा




सकतीं।

यह सुनते ही प्रणाली टिकेकर ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। करीब 1 घंटे तक कमरे में बंद रहीं। इस दौरान जालसाजों ने उनके बयान दर्ज किए, और कहा कि बयान कोर्ट में पेश किए जाएंगे। इस बीच इस सारी घटना पर डिजिटल अरेस्ट हुई महिला मैनेजर की सास नजर रखी हुई थी। सारा मामला अजीब लगने पर सास को सायबर जालसाजी का शक हुआ और उन्होनें फौरन ही अपने करीबी रिश्तेदार को घटना की जानकारी दी। इसके बाद करीबी रिश्तेदार और अन्य परिजन फौरन कोलार थाने पहुंचे और पुलिस को सारी बात बताई। सूचना मिलते ही कोलार पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने जब वीडियो कॉल पर देखा तो स्क्रीन पर वर्दी में नकली पुलिस नजर आई, उनसे बात करने की कोशिश की गई तब उन्होंने कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया। पुलिस कॉलिंग नंबर के आधार पर आगे की की जांच कर रही है।

# अतुल मोदी के आरोपियों को जमानत मिलने का विरोध, प्रदर्शन में महिलाएं भी शामिल





इंदौर (ए.)। पत्नी और न्यायिक प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या करने वाले बेंगलूर के सॉफ्टवेयर इंजीनियर अतुल सुभाष मोदी के आरोपियों को जमानत दिए जाने के खिलाफ इंदौर में विरोध प्रदर्शन हुआ। इस प्रदर्शन में महिलाओं ने भी भाग लिया। पुरुष अधिकारों के लिए पिछले 15 वर्षों से सक्रिय संस्था 'पौरुष' ने एमआईजी कॉलोनी स्थित जनरल वैद्य गार्डन के बाहर झंडे और बैनर्स के साथ नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारे लगाए, जिनमें "नारी तुम लजाओ मत, झूठे केस लगाओ मत," "तीन करोड़ मांगने वाली तीन कौड़ी की औरत," और "पीड़ित पुरुषों की पुकार कब सुनेगी भाजपा सरकार" जैसे वाक्य शामिल थे।

**एफआईआर दर्ज नहीं की गई**

संस्था के अध्यक्ष अशोक दशोरा ने कहा कि ऐसे गंभीर मामले में जमानत का अधिकार केवल हाई कोर्ट को होता है। जिला कोर्ट द्वारा जमानत देना अनुचित है, क्योंकि पत्नी निकिता सिंघानिया, मां निशा और भाई अनुराग को मात्र 14 दिनों में जमानत दे दी गई। यह कानून की प्रक्रिया और संविधान के खिलाफ है। अतुल मोदी का मृत्यु पूर्व कथन मौजूद होने के बावजूद भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई, जो कि न्यायिक व्यवस्था की बड़ी खामी है।

**महिलाएं भी पौरुष के साथ**

प्रदर्शन में समाजसेवी नीलम चावला भी शामिल थीं। उन्होंने कहा कि वह सत्य की लड़ाई में 'पौरुष' के साथ हैं। यह संस्था समान कानून की मांग कर रही है, और उन्हें इसका पूरा समर्थन है। अतुल मोदी ने अपनी मृत्यु से पहले 59 मिनट का वीडियो बनाया और 24 पेजों में अपनी मानसिक प्रताड़ना का जिक्र किया। यह दर्शाता है कि उन्होंने कितनी गंभीर यातना झेली। अगर पुरुषों के लिए समानता का कानून जल्द नहीं बनाया गया, तो आत्महत्याओं की बढ़ती घटनाएं हत्या में बदल सकती हैं। इस पर महिलाओं को भी विचार करना होगा कि समाज में झूठे मामलों का दुरुपयोग कितना घातक हो सकता है।



## अभिनेत्री रिमी सेन ने किए बाबा महाकाल के दर्शन, नंदी जी के कानों में बताई मनोकामना

उज्जैन (ए.)। प्रसिद्ध अभिनेत्री रिमी सेन विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल के दर्शन करने के लिए उज्जैन आईं। उन्होंने चांदी द्वार से बाबा महाकाल के दर्शन किए। इसके बाद नंदी हॉल में बैठकर संकल्प लिया। हाथ जोड़कर बाबा महाकाल की भक्ति में लीन नजर आईं। बाबा महाकाल की पूजा अर्चना करने के बाद आपने नंदी जी के कानों में मनोकामना भी कही।

महाकालेश्वर मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया कि अभिनेत्री रिमी सेन बाबा महाकाल के दर्शन करने आईं थीं। उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन और उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान वो बाबा महाकाल की भक्ति में लीन नजर आईं। बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद उनका श्री महाकाल से प्रबंध समिति की ओर से स्वागत सम्मान किया गया। रिमी सेन ने इस दौरान मीडिया से कहा कि बाबा महाकाल सबका भला करेंगे। आज के समय में स्ट्रेस कुछ ज्यादा है। कोई भी स्ट्रेस न ले आपकी हर समस्या भगवान की भक्ति से दूर होगी।

**हिंदी, तेलुगु और बंगाली फिल्मों में किया है अभिनय**

रिमी सेन भारतीय अभिनेत्री और निर्माता हैं। उन्होंने हिंदी, तेलुगु और बंगाली फिल्मों में काम किया है। सेन ने 1996 की बंगाली फिल्म दामू में बाल कलाकार के रूप में शुरुआत की थी। उन्होंने 2002 में तेलुगु फिल्म नी थोडु कवाली में मुख्य अभिनेत्री के रूप में अपनी शुरुआत की। 2003 में उन्होंने कॉमेडी फिल्म हंगामा से हिंदी फिल्म में शुरुआत की। उसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला पदार्पण के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार में नामांकित किया गया था। इसके बाद वह बागबान, धूम, गरम मसाला, क्योंकि समेत वो अन्य फिल्मों में भी नजर आईं।

## मारपीट कर की युवक की हत्या, पुलिस ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार




अनूपपुर (ए.)। अनूपपुर जिले के करन पठार थाना अंतर्गत सरई पुलिस चौकी के ग्राम पड़मनिया में हत्या के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस के अनुसार, 3 जनवरी को शिकायतकर्ता सरोज बाई (40) निवासी पड़मनिया ने बताया कि उसका छोटा भाई अशोक सिंह 1 जनवरी को साप्ताहिक बाजार में उनके फुल्की चाट के ठेले पर मदद कर रहा था। इसी दौरान आरोपी नाथू सिंह और संजय सिंह ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

इस दौरान कालू सिंह, डिलन सिंह, और रमेश सिंह भी वहां पहुंचे और अशोक सिंह के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट में उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं। परिवार के लोगों ने अशोक का घर पर ही उपचार किया, लेकिन हालत बिगड़ने पर 3 जनवरी को उसे जिला चिकित्सालय शहडोल ले जाया गया। जहां, इलाज के दौरान अशोक सिंह की मृत्यु हो गई।

सरोज बाई की शिकायत पर पुलिस ने नाथू सिंह पिता मेर सिंह, संजय सिंह पिता घनश्याम सिंह, कालू सिंह पिता मनी सिंह, डिलन सिंह पिता मनी सिंह और रमेश सिंह पिता उदय सिंह सभी निवासी पड़मनिया के खिलाफ अपराध दर्ज किया। पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

### सागर में भीषण सड़क हादसा, ट्रक की टक्कर के बाद पलटी बोलेरो, चार की मौत, तीन गंभीर

सागर (ए.)। सागर जिले में सोमवार की सुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया। एक ट्रक और बोलेरो में भीषण टक्कर में चार युवक काल के गाल में समा गए। वहीं तीन घायल अस्पताल में जिंदगी ओर मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। ये सभी लोग सागर-कानपुर चार लेन सड़क निर्माण कार्य पर मजदूरी करने के लिए जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार शाहगढ़ विकासखंड के तहत आने वाले अगरा गांव के युवक रोजाना की तरह बोलेरो कार में सवार होकर सुबह करीब 6ः30 बजे मजदूरी के लिए निकल पड़े। पिछले कुछ समय से यह लोग फोर लाइन के चल रहे निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहे थे। रास्ते में एक तेज रफ्तार ट्रक ने हीरापुर गांव के पास इनकी बोलेरो को टक्कर मार दी। टक्कर की वजह से बोलेरो रोड के नीचे जाकर पलट गई और मौके पर ही चीख पुकार मच गई।

## खेत जा रहे किसान की धारदार हथियार से हत्या, मामले की जांच में जुटी पुलिस

सागर (ए.)। सागर जिले में अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। शायद ही ऐसा कोई दिन जाता हो जब जिले से किसी गंभीर वारदात की जानकारी न मिले। बीती रात भी अपने खेत पर रखवाली करने जा रहे एक आदिवासी किसान की अज्ञात हत्यारे ने नृशंस हत्या कर दी।

वारदात सागर जिले के बांदरी पुलिस थाना क्षेत्र में घटित हुई। बांदरी कस्बे का रहने वाला प्रकाश पिता मिठ्ठू सौर (आदिवासी) रविवार की रात्रि 8 बजे के करीब अपने घर से क्वायल टपरा स्थित अपने खेत पर साइकिल से जा रहा था, उसकी किसी अज्ञात हत्यारे ने धारदार हथियार मारकर हत्या कर दी। सोमवार को सुबह जब उसके परिजनों को सूचना मिली तो उन्होंने घटनास्थल पर जाकर देखा। वहां प्रकाश का लहूलुहान शव तथा उसकी साइकिल पड़ी हुई थी।

मृतक के पुत्र भागीरथ सौर ने बांदरी पुलिस थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। मृतक के पुत्र भागीरथ सौर की तरफ से पुलिस ने हत्या का प्रकरण लेकर जांच में लिया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक का शव देखने से लग रहा है कि उसके ऊपर अज्ञात हत्यारे ने किसी धारदार हथियार से पूरी क्रूरता पूर्वक गंभीर वार किए हैं। मामले में पुलिस ने सागर से एफ एस एल की टीम को बुलवाकर घटना स्थल के वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए जाने के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

## कोहरे के चलते कोई पेड़ से टकराया तो किसी को वाहन ने मारी टक्कर, अलग-अलग सड़क हादसों तीन की मौत



दमोह (ए.)। जिले के हटा थाना क्षेत्र में रविवार रात कोहरे के चलते दो सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। तीसरा हादसा शहर में हुआ, जिसमें बाइक चालक की मौत हो गई। गैसाबाद थाना क्षेत्र के मुहरई गैसाबाद मार्ग पर एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक की मौत हो गई। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार उमेश पिता पंखुआ अहिरवार 38 एवं गनपत अहिरवार 65 निवासी हरिजन मोहल्ला गैसाबाद के साथ मुहरई गांव से क्रिकेट टूर्नामेंट देखकर लौट रहे थे। रास्ते में बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में उमेश की मौत हो गई, जबकि गनपत को सिविल अस्पताल हटा लाया गया। वहां से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया।

**अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, एक घायल**

हटा थाना अंतर्गत अंगीठी ढाबा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। रोहित पिता लक्ष्मी कटारया 35 निवासी संजय वार्ड अपने साथी रामजी पिता भगवान दास सोनी 38 निवासी राम गोपाल जी वार्ड के साथ रविवार रात सागर से हटा लौट रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने अंगीठी ढाबा के पास टक्कर मार दी। हादसे में रोहित कटारया की मौके पर ही मौत हो गई। राम जी को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल हटा लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।

**अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत**

कोतवाली थाना क्षेत्र के मांगजवार्ड एक गार्डलाइन निवासी एक व्यक्ति की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जबलपुर नाका से किल्लाई नाका मार्ग पर ब्रजवासी रेस्टोरेंट के पास सुदर्शन पिता सुरेंद्र जैन 44 अपने किसी मित्र की बाइक चलाकर आ रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## नर्सिंग होम में 48 की जगह मिले 55 पलंग, शिकायत के बाद पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की जांच



उज्जैन (ए.)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) को मिली शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उज्जैन के फ्रीगंज स्थित वररूचि मार्ग पर स्थित लोट्स नर्सिंग होम में जांच की। इस दौरान 48 बिस्तरों की स्वीकृति वाले अस्पताल में 55 पलंग मिले। अनियमितताएं मिलने पर जांच रिपोर्ट तैयार की गई है, जिसे सोमवार को सीएमएचओ के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

दरअसल, 23 दिसंबर को अस्पताल के पार्टनर डॉ. प्रवीण पंड्या ने सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल को लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि उनके पार्टनर अमित पटेल अप्रशिक्षित कर्मचारियों से जांच करवाते हैं। शिकायत में यह भी कहा गया था कि पैथोलॉजी लैब और मेडिकल सुविधाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं। इस पर सीएमएचओ ने माधवनगर अस्पताल प्रभारी एवं मेडिकल ऑफिसर डॉ. विक्रम रघुवंशी, डॉ. आदित्य रावल, औषधि निरीक्षक देशराजसिंह राजपूत और राजेंद्र वाडिया की टीम को जांच के आदेश दिए। जांच टीम ने नर्सिंग होम का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रघुवंशी ने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि अस्पताल में 48 बिस्तरों की अनुमति है, लेकिन 55 पलंग लगे हुए हैं, जिससे जगह की कमी हो रही है। यह नियमों का उल्लंघन है। इसके अलावा, अस्पताल में फायर एनओसी भी नहीं थी।

**अन्य अनियमितताएं**

पैथोलॉजी लैब में अप्रशिक्षित कर्मचारी रखे गए हैं।

घटना या दुर्घटना में घायल मरीजों की एमएलसी रिपोर्ट बीएमएस डॉक्टरों से तैयार करवाई जा रही है।

मेडिकल स्टोर में अमानक दवाओं की शिकायत पर औषधि निरीक्षक ने जांच की।

जांच टीम ने अस्पताल में कई अनियमितताएं पाई हैं। रिपोर्ट तैयार कर सीएमएचओ को सौंपा गया है। अब आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**व्यापार समाचार**

## आखिर 6 महीने में ऐसा क्या हुआ जो क्रुस्हरु को छोड़ रहे ग्राहक?, कहीं ये कारण तो नहीं




नई दिल्ली (ए.)। बीते वर्ष जुलाई में निजी टेलीकॉम कंपनियों की तरफ से टैरिफ बढ़ोतरी के बाद ग्राहकों ने सरकारी कंपनी बीएसएनएल में अपने नंबर को पोर्ट करना शुरू कर दिया था। लेकिन अब पांच महीने बाद ही ग्राहकों का बीएसएनएल से मोहभंग हो गया है। सरकारी टेलीकॉम कंपनी से लेकर ग्राहकों का रुझान बदलता नजर आ रहा है। पिछले कुछ महीनों में बीएसएनएल से नंबर पोर्ट कराकर अन्य कंपनियों में जाने वाले ग्राहकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

**अगस्त 2024 में क्रुस्हरु में 21.32 लाख ग्राहक जुड़े**

दरअसल, जुलाई-अगस्त में जब प्रमुख टेलीकॉम कंपनियों ने अपनी सेवाओं की दरों में बढ़ोतरी की थी। लेकिन सरकारी कंपनी ने अपने टैरिफ कंपनी में कोई बदलाव नहीं की थी। इसके बाद बीएसएनएल से बाहर जाने वाले ग्राहकों की संख्या में तेजी देखी गई है। अगस्त 2024 में बीएसएनएल में पोर्ट कर आने वाले ग्राहक 21.32 लाख थे, जबकि पोर्ट कर बीएसएनएल से बाहर जाने वाले ग्राहकों की संख्या 2.65 लाख रही थी। अक्टूबर 2024 में बीएसएनएल में आने वाले ग्राहक घटकर 7.20 लाख हो गए, जबकि बाहर जाने वाले ग्राहकों की संख्या बढ़कर 5.14 लाख हो गई थी। वहीं, नवंबर 2024 में बीएसएनएल में आने वाले ग्राहक केवल 4.61 लाख रहे, जबकि बाहर जाने वाले ग्राहकों की संख्या 8.76 लाख तक पहुंच गई है।

**बीएसएनएल की खराब सर्विस से ग्राहक परेशान**

जानकारों का कहना है कि, इन दिनों काफी ग्राहक बीएसएनएल की सर्विस छोड़ फिर से निजी कंपनियों की सर्विस अपना रहे हैं। इसका कारण है बीएसएनएल की खराब सर्विस। कई ग्राहकों की शिकायत रही है कि बीएसएनएल का कॉलिंग और इंटरनेट नेटवर्क हर जगह काम नहीं करता। वहीं इंटरनेट स्पीड के मामले में भी यह सरकारी कंपनी काफी पीछे है। बीएसएनएल ने अभी 5जी नेटवर्क शुरू नहीं किया है।

## सोने के बदले कर्ज लेते समय लोन-टु-वैल्यू रेश्यो का रखें ध्यान, अन्य शुल्कों को लेकर बरतें सावधानी



नई दिल्ली (ए.)। सोने की कीमतों में तेज वृद्धि के बीच देश में गोल्ड लोन में भी एक साल में 56 फीसदी की उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखने को मिली है। अगर आप भी गोल्ड लोन लेना चाहते हैं, जो लोन-टु-वैल्यू (एलटीवी) रेश्यो का ध्यान जरूर रखें। गोल्ड लोन लेते समय एलटीवी रेश्यो की अहम भूमिका होती है। यह कर्जदारों को सोने के एवज में अधिक कर्ज दिलाने में मदद करता है। हालांकि, सोने की कीमतों में बदलाव एलटीवी रेश्यो को प्रभावित कर सकता है। अगर बहुमूल्य धातु के मूल्य में गिरावट आती है, तो एलटीवी रेश्यो को अनिवार्य सीमा के भीतर रखने के लिए कर्जदारों को अधिक सोना गिरवी रखना पड़ता है या ऋण का कुछ हिस्सा चुकाना पड़ सकता है।

आप जब सोने के आभूषण या सिक्के ऋणदाता के पास गिरवी रखते हैं, तो वह शुद्धता और वजन के आधार पर उनका मूल्यांकन करता है। इसके बाद सोने के वजन, शुद्धता व बाजार मूल्यों के आधार पर कर्ज मिलता है।

ये है गणित...

अगर आप 22 कैरेट शुद्धता वाला 30 ग्राम सोना गिरवी रखना चाहते हैं और बहुमूल्य धातु की कीमत 5,000 प्रति ग्राम है तो आपको अधिकतम 1,12,500 रुपये (5,000X30X0.75) का कर्ज मिल सकता है।

## एचएमपीवी केस सामने आने पर निवेशक सतर्क; सेंसेक्स 1258 अंक गिरा, निफ्टी 23650 से फिसला



नई दिल्ली (ए.)। चीन में एचएमपीवी के कारण अफरातफरी बढ़ने और भारत के कर्नाटक व गुजरात जैसे राज्यों में संक्रमितों की पुष्टि के बाद भारतीय शेयर बाजार में सोमवार को खरीदारों ने सतर्कता बरती। इससे प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक नीचे फिसल गए और निवेशकों को करीब 12 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 1,258.12 अंक या 1.59 प्रतिशत टूटकर 78,000 अंक से नीचे 77,964.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,441.49 अंक या 1.81 प्रतिशत गिरकर 77,781.62 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 388.70 अंक या 1.62 प्रतिशत गिरकर 23,616.05 अंक पर आ गया।

बाजार के उतार-चढ़ाव को मापने वाला इंडिया वीआईएक्स सूचकांक 2.01 (14.83त्न) अंक उछलकर 15.55 पर पहुंच गया। इस दौरान रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 3 पैसे गिरकर 85.82 (अनंतिम) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।

**आने वाले तिमाही परिणामों में कंपनियों की आय पर रहेगी निवेशकों की नजर**

तिमाही परिणामों में कंपनियों की आय वृद्धि से जुड़ी चिंता और एचएमपीवी संक्रमण और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के बीच सोमवार को बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में 1.6 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। बाजार की धारणा पर रुपये में गिरावट और एशियाई बाजारों के कमजोर रुख का भी असर पड़ा।

### निवेश में निजी क्षेत्र की अनिच्छा पर कांग्रेस का वार, कहा- यह सरकार के खिलाफ कॉरपोरेट का अविश्वास

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस ने सोमवार को दावा किया कि भारत में निवेश करने में निजी क्षेत्र की अनिच्छा नरेंद्र मोदी सरकार के प्रति कॉर्पोरेट का अविश्वास है। विपक्षी दल ने सरकार से आगामी केन्द्रीय बजट में देश में घरेलू निवेश को प्रोत्साहित करने और बनाए रखने के लिए कदम उठाने का भी आग्रह किया। कांग्रेस ने कहा कि घरेलू निवेश में लगातार गिरावट आ रही है।

## महंगाई का झटकाः 10 फीसदी से कम रह सकता है एफएमसीजी कंपनियों का राजस्व, ग्रामीण बाजार कर रहा बेहतर प्रदर्शन



नई दिल्ली (ए.)। महंगाई और लागत बढ़ने के साथ रोजमर्रा के सामान बनाने वाली कंपनियां यानी एफएमसीजी को तीसरी तिमाही (अक्तूबर-दिसंबर) के दौरान कम बिक्री का सामना करना पड़ सकता है। इससे उनका राजस्व 10 फीसदी से कम रह सकता है। कंपनियों के परिचालन लाभ पर भी असर पड़ने की आशंका है।

**एफएमसीजी कंपनियों का तर्क**

एफएमसीजी कंपनियों का मानना है कि शहरी मांग घटने से उनके राजस्व पर असर पड़ रहा है। इसका एक कारण यह हो सकता है कि खोपरा, वनस्पति तेल और पाम तेल जैसी वस्तुओं की बढ़ती लागत के कारण कई कंपनियों ने दिसंबर तिमाही में उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी की है। कीमतों में बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई जब उच्च खाद्य महंगाई से खपत कम होने से शहरी बाजार में उनकी बिक्री घट गई।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## भारत के सामने नई कूटनीति चुनौती

*बांग्लादेश के अनुरोध से भारत को संवेदनशीलता और उच्च कूटनीतिक कौशल से निपटना होगा। भारत सरकार शेख हसीना को अपनी जुबान बंद करने पर राजी करे, तो यह काम आसान हो सकता है। उनके बयानों से बांग्लादेश में माहौल ज्यादा भड़का है। अभी तक बांग्लादेश से भारत के लिए आई चुनौतियां वहां साढ़े चार महीने पहले बने माहौल से संबंधित थीं। मगर अब इसने ठोस कूटनीतिक रूप ले लिया है। भारत सरकार के सामने यह नई कूटनीति चुनौती है। इसका रूप बहुआयामी है। बांग्लादेश की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद पर मानवता के खिलाफ अपराधों के मुकदमे के सिलसिले में वारंट जारी किया। उसका अनुपालन करते हुए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत को कूटनीतिक पत्र भेज कर शेख हसीना को वापस भेजने की मांग की है। चूंकि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि पहले से मौजूद है, इसलिए भारत सरकार के लिए इस अनुरोध पत्र को ठुकराना आसान फैसला नहीं होगा। हालांकि उस संधि में राजनीतिक प्रकार के मामलों में अनुरोध ठुकराने का प्रावधान है और बेशक शेख हसीना का मामला सियासी है, परंतु वैसे कदम का बांग्लादेश से संबंध पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पहले ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पाकिस्तान के साथ अपने रिश्तों को अधिक महत्त्व दे रही है। पिछले हफ्ते काहिरा में डी-8 ग्रुप की बैठक के दौरान बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मिले। इसमें खास बात यह रही कि शरीफ ने बांग्लादेश से रणनीतिक संबंध बनाने का इरादा जाहिर किया, वहीं युनूस ने बांग्लादेश की पुरानी मांग छोड़ दी कि ऐसा होने के पहले बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के समय किए अत्याचार और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए पाकिस्तान माफी मांगे।परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग पर दोनों देश पहले ही राजी हो चुके हैं। बांग्लादेश का इस तरह पाकिस्तान से जुड़ना कतई भारत के हित में नहीं है। इससे 1971 के पहले जैसी स्थितियां बन जाएंगी। इसलिए बांग्लादेश के नए अनुरोध से भारत को संवेदनशीलता और उच्च कूटनीतिक कौशल से निपटना होगा। भारत सरकार अगर शेख हसीना को अपनी जुबान बंद करने पर राजी करे, तो यह काम आसान हो सकता है। उनके बयानों से बांग्लादेश में माहौल ज्यादा भड़का है। कोशिश वहां की जन भावनाओं का ख्याल करने की होनी चाहिए। वरना, पूरबी सरहद की तरफ भी पाकिस्तान से जुड़ी चुनौती ठोस रूप ले सकती है।*



*श्रीनगर में ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके लाल चौक पर पैरों के निशान.*

# कांग्रेस को कार्यशैली बदलने की जरुरत

**अजीत द्विवेदी**

नए साल 2025 को कांग्रेस ने संगठन में बदलाव और मजबूती वाला साल कहा है। कर्नाटक के बेलगावी में 26 दिसंबर को आयोजित कांग्रेस कार्यसमिति की विशेष बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि नए साल में कांग्रेस संगठन में बदलाव करेगी और उसे मजबूत बनाने के लिए काम करेगी। इसका एक प्रत्यक्ष अर्थ तो यह दिखाई देता है कि कांग्रेस अध्यक्ष को कहीं न कहीं इस बात का अंदाजा है कि कांग्रेस का संगठन मजबूत नहीं है और लगातार हो रही चुनावी हार के पीछे यह एक कारण है। अगर देश की मुख्य विपक्षी पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए काम करती है तो यह लोकतंत्र के लिए भी अच्छा होगा।

परंतु सवाल है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने किस तरह के बदलाव की बात की और संगठन को मजबूत करने के लिए किस तरह की पहल की योजना उनके पास है? यह सवाल इसलिए है क्योंकि संगठन में बदलाव का शाब्दिक अर्थ तो यह है कि नए चेहरे लाना और नए लोगों को जिम्मेदारी देना। लेकिन कांग्रेस संगठन की समस्या यह नहीं है। सिर्फ चेहरे बदल देने से कांग्रेस के संगठन में मजबूती नहीं आने वाली है। मजबूती के लिए चेहरों के साथ साथ पूरी कार्यशैली को बदलने की जरुरत होगी। क्या कांग्रेस उसके लिए तैयार है?

अगर शाब्दिक अर्थों में कांग्रेस के संगठन में बदलाव की बात करें तो वह भी बहुत जरूरी है क्योंकि मोटे तौर पर कांग्रेस का संगठन, खासकर प्रदेशों में बहुत कमजोर है या है ही नहीं। यह सचमुच हैरान करने वाली बात है कि कई राज्यों में कांग्रेस का संगठन ही नहीं है। जैसे ओडिशा में छह महीने से कांग्रेस कमेटी नहीं है। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में बेहद खराब प्रदर्शन के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जुलाई में ओडिशा की प्रदेश कमेटी भंग कर दी थी। इसके तीन महीने बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस विधायक दल के नेता चरणदास महंत की अध्यक्षता में ओडिशा में कांग्रेस नेतृत्व व संगठन की मजबूती के बारे में सुझाव देने के लिए एक कमेटी बनी थी। अभी तक उसकी



रिपोर्ट नहीं आई है।

सो, छह महीने से ओडिशा में संगठन नहीं है। इसी तरह नवंबर के पहले हफ्ते में यानी दो महीने पहले हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भंग कर दिया गया। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आदेश जारी किया और प्रदेश से लेकर जिला व प्रखंड स्तर तक की सारी कमेटियां भंग कर दी गईं। इसके एक महीने बाद यानी दिसंबर में उत्तर प्रदेश में प्रदेश से लेकर जिला व प्रखंड तक की कमेटियां भंग कर दी गईं। विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद महाराष्ट्र व हरियाणा में भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी भंग करने की बात चली है। इतना ही नहीं बिहार में करीब दो साल से प्रदेश कमेटी का गठन ही नहीं हुआ है। सितंबर में शुभंकर सरकार पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष बने लेकिन उनकी भी कमेटी नहीं बन पाई है। झारखंड में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अध्यक्ष बने केशव महतो कमलेश भी अपनी कमेटी नहीं बना पाए हैं। सो, बदलाव का एक मतलब तो यह है कि जिन राज्यों में संगठन भंग कर दिया गया है वहां नए अध्यक्ष की नियुक्ति हो और प्रदेश से लेकर जिला व प्रखंड स्तर तक कांग्रेस कमेटियों का गठन हो।

दूसरा मतलब यह है कि जिन राज्यों में अध्यक्ष बन गए हैं लेकिन महीनों से उनकी कमेटियों का गठन नहीं हो पाया है वहां नई कमेटियों का गठन किया जाए और तीसरा अर्थ यह है कि जिन राज्यों में कांग्रेस हाल में हारी है वहां अगर बदलाव करना है तो वह जल्दी हो ताकि पार्टी का संगठन काम शुरू कर सके। कुछ राज्यों में कांग्रेस को संगठन के साथ साथ और भी फैसले करने हैं। जैसे कांग्रेस ने हरियाणा और महाराष्ट्र में विधायक दल के नेता का नाम तय नहीं किया है। सोचें, पार्टी चुनाव हार गई या अनुकूल फैसला नहीं आया तो विधायक दल का नेता ही तय नहीं करेंगे?

अगर बदलाव के शाब्दिक अर्थ से अलग हट कर देखेंगे तो कांग्रेस को संगठन की मजबूती के लिए बहुत कुछ करना है। सिर्फ नए अध्यक्ष बना देने या नई कमेटियों का गठन कर देने से कांग्रेस का काम नहीं चलने वाला है। उसे संगठन की कार्यशैली में आमूलचूल बदलाव की जरुरत है। मल्लिकार्जुन खडगे ने बेलगावी अधिवेशन में इसी तरफ इशारा किया। लेकिन क्या वे इस तरह का बदलाव करने में सक्षम हैं? क्या कांग्रेस अध्यक्ष खडगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कांग्रेस के पुराने और मजबूत नेताओं को नाराज करने का जोखिम लेकर संगठन को नया स्वरूप दे सकते हैं? असल में कांग्रेस सत्तारूढ़ दल की कार्य संस्कृति के दुष्चक्र में फंस गई है, जिसे प्रतीकित करने वाले सूत्र वाक्य कांग्रेस की एक महिला नेत्री ने कहा था, जो अब पार्टी छोड़ कर चली गई हैं।

उन्होंने कहा था कि, कांग्रेस सत्ता में रहती है या सत्ता के इंतजार में रहती है'। यही कारण है कि कांग्रेस कभी विपक्ष की पार्टी के तौर पर प्रभावी तरीके से काम नहीं कर पाती है। केंद्र से लेकर प्रदेश और जिला स्तर तक के नेता यह मानते हैं कि सत्ता उनका अधिकार है और अभी जो लोग सत्ता में हैं उनको राज करना नहीं आता है। वे अपनी गलतियों के चलते सत्ता से विदा हो जाएंगे और तब कांग्रेस को सत्ता मिल जाएगी। इस मानसिकता की वजह से कांग्रेस अपने संगठन को सड़क पर उतर कर सत्तापक्ष से लडने वाली मजबूती नहीं दे पाती है।

संगठन के मामले में कांग्रेस की दूसरी कमजोरी यह है कि उसके शीर्ष नेताओं का पार्टी के कार्यकर्ताओं और प्रदेश, जिला व प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों से संवाद खत्म हो गया है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश की रिपोर्ट सिर्फ प्रभारी महासचिव से लेता है और ज्यादा से ज्यादा प्रदेश अध्यक्ष से बात करता है। कहने का आशय यह है कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व अपने आइवरी टावर में बंद है, जहां तक पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं, पदाधिकारियों की आवाज नहीं पहुंच पाती है।

राहुल गांधी का सब्जी मंडी जाना, मोटर गैरेज में जाना या ट्रक ड्राइवरों से मिलना, राजनीति नहीं है, बल्कि राजनीतिक सक्रियता का दिखावा है, प्रदर्शन है। असल में यह भारतीय राजनीति की बहुत बड़ी समस्या है कि राजनीति अब एक प्रदर्शन कला में बदल गई है। यह परफॉर्मिंग आर्ट में तब्दील हो गई है। सच्ची राजनीति परदे के पीछे होती है, जिसमें मूल तत्व विचार विमर्श, संवाद, मोलभाव, समझौते और समस्याओं को सुलझाने की सामूहिक कोशिशें शामिल होती हैं, उसकी जगह सार्वजनिक स्पेस में नेताओं की परफॉरमेंस ने ले ली है। कांग्रेस इस समस्या से ज्यादा ग्रस्त है। इसका नतीजा यह हुआ है कि राहुल गांधी कहीं किसानों, मजदूरों, ऑटो वालों आदि से मिल कर ग्रैंड परफॉरमेंस कर देते हैं और समझा जाता है कि कांग्रेस का जमीनी कनेक्ट का काम पूरा हो गया, जबकि इससे असल में कुछ नहीं होता है।

# देश के दुलारे सनातन धर्म की सच्ची शिक्षा इन्द्रेश जी

**संदीप जोशी**

वृंदावन की व्यासपीठ के 26 वर्षीय युवा इंद्रेशजी जनमानस के आत्मविकास में लगे हुए हैं। भक्तिपथ पर चलने वाले इंद्रेश जी जब वृंदावन प्यारो वृंदावन गाते हैं तो सुनने वाले स्वभाव में वृंदावन ही पहुंच जाते हैं। वे सुर-राग के धनी हैं तो रस-भाव के भी धनी हैं। इन्द्रेश जी के छवि चित्र में ही उनका चरित्र भाव दिखता है। आज जब पंथ-जमात के कई प्रतिष्ठित हुए व लोकप्रिय माने गए गुरु जेल में अपने कर्मों की सजा भुगत रहे हैं तो भागवत कथाकार इन्द्रेश जी सभी का मन मोह रहे हैं।

नया साल नई संभावनाएं लिए आता है। समय कैसा भी रहे अपन समाज के प्रति अपनी आशा तो बनाए रख ही सकते हैं। समाज से संवाद तो चलाया जा ही सकता है। समाज से ही निकले सभ्य-सुशील लोग नयी समय-समझ गढने में भी लगते हैं। उनके नए संवाद से भी समाज की समझ बनती-बढ़ती है। इसलिए आशा है समाज में श्रद्धा, सौहार्द और विवेक का माहौल बने। भौतिक विकास के साथ आत्मिक विकास भी हो। वृंदावन की व्यासपीठ के 26 वर्षीय युवा इंद्रेश जी जनमानस के आत्मविकास में लगे देखे जा सकते हैं।

किसी का भी अस्तित्व तो उसकी सच्ची आस्था के आत्मविश्वास से ही प्रकट होता है। वही आस्था जो हमारे जीवन के अर्थ व हमारे रोजमर्रा के कामों से प्रदर्शित होती है। और फिर हमारे वही अर्थपूर्ण कामकाज ही हमें प्रतिष्ठित व लोकप्रिय बनाते है। मगर आकार से न हमारा अस्तित्व तय होता है न ही संख्या से हमारी सार्थकता। आज जब पंथ-जमात के कई प्रतिष्ठित हुए व लोकप्रिय माने गए गुरु जेल में अपने कर्मों की सजा भुगत रहे हैं तो भागवत कथाकार इन्द्रेश जी सभी का मन मोह रहे हैं। इसलिए सारे देश में इंद्रेश जी, इंद्रईश दुलारे हो गए हैं।

पिछले दिनों इन्द्रेश जी ने चंडीगढ़ में वृंदावन प्रकट उत्सव मनाया। वृंदावन का महिमामृत व भाव कहा व गाकर सुनाया। चंडीगढ़ के ही लोकप्रिय गायक-संगीतकार बी-प्राक ने इन्द्रेश जी को रस, रास और राग के महात्म्य के लिए बुलाया था। वृंदावन प्रकृति-प्रेम का प्रतीक है तो कुरुक्षेत्र गीता-ज्ञान का रणक्षेत्र। उसी से लगे चंडीगढ़ में इन्द्रेश जी वृंदावन के राधाकृष्ण प्रेम को उत्सव रूप में प्रकट कर रहे थे। अपने रसमय भागवत प्रेम के कथा-पाठ के साथ रागमय संगीत रच रहे थे। इन्द्रेश जी परंपरा से प्राप्त कृष्ण-प्रेम को नए युवाओं के लिए नवोदित चिंतन प्रदान करने में लगे हैं। बृज की सरससता से देश में समरसता जगाने में लगे हैं।

भक्तिपथ पर चलने वाले इंद्रेश जी जब वृंदावन प्यारो वृंदावन गाते हैं तो सुनने वाले स्वभाव में वृंदावन ही पहुंच जाते हैं। वे सुर-राग के धनी हैं तो रस-भाव के भी धनी हैं। इन्द्रेश जी के छवि चित्र में ही उनका चरित्र भाव दिखता है। दिखने में पुरुषत्व सुंदरता लिए, इंद्रेश जी की वाणी सुर में सुरीली, राग में लचीली व भाव से भरी है। काले-घने लहराते केश से घिरा, नीचे साफ-चौड़ा माथा है। उनके चौड़े माथे पर सीधा चलता लाल तिलक उनके स्वरूप को कांति देता है। उनकी जुल्फों से नीचे निकलती लंबी कलम कान को खास आकार और चेहरे को साकार करती हैं।

हंसमुख होंठ व गोल-गोल गाल कहने-सुनने के लिए आकर्षित करते हैं। उनकी कटीली भौंह उनकी प्रकाशमय आंखों को चमत्कर्ष बना देते हैं। एक ही कान में मोती उनको आज के युवा-युवती से जोड़ता है। लेकिन इंद्रेश जी के चेहरे में सबसे आकर्षित करने वाली तो उनकी भावमय, रसमय आंखें ही हैं जो अनकहा भी कह जाती हैं। यानी कूल मिला कर एक व्यक्तित्व जो कला में श्रेष्ठ, गायन में सुरीला और रूप में सुखमय निखर कर आता है। राग व अनुराग से भरा पूरा चरित्र।

इन सब चेहरे के चित्र से अलग इंद्रेश जी का चरित्र उनके क्रिकेट प्रेम से भी झलकता है। युवाओं के खेल प्रेम से उन्हें जोड़ता भी है। भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट मैच श्रृंखला का कानपुर टेस्ट देखने उनको ग्रीन पार्क मैदान पर भी ले जाता है। मानव कल्याण, जीव कल्याण व गऊ कल्याण का पाठ पढ़ाते हुए इंद्रेश जी जीवन को युवाओं के लिए आनंद का खेल बना देते हैं। और चंडीगढ़ में सुहावनी सुंदर संगत जमा देते हैं। भारतीयों में आज अगर थोड़ा सा भी कुछ सनातन बचा है तो उसे भी जगाते हैं। जिसको देखा-सुना नहीं उसके प्रति प्रेम भक्ति जगाते हैं।

सनातन धर्म की सच्ची शिक्षा इन्द्रेश जी जैसे ही पंथनिष्ठ कथा-संतों से सजती है। समाज को नैतिक निष्ठा के लिए संजोता है। समरस, समभाव का समाज रचने में लगती है। आज का युवा भी इंद्रेश जी के संगीतमय, भक्तिमय और रसमय भागवत कथा पाठ पर चल व थिरक भी सकता है। इंद्रेश जी देश के दुलारे हैं क्योंकि उनके जैसे कथा-संतों से ही सनातन धर्म चलता आया है।




मेष राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। माता के स्वास्थ्य में पहले की अपेक्षा सुधार आएगा। साथ ही वे आपसे कुछ डिमांड कर सकती हैं। आज फाइनेंस के मामलों में दिन अच्छा रहेगा। किसी ऐसे परिचित से मुलाकात होगी जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। योजनाबद्ध तरीके से कार्यों को अंजाम देने से सभी काम सिस्टम से बनते जाएंगे। आज का दिन घर से बाहर निकल कर काम पर ध्यान देने का है।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। आज शुभ समाचार मिलने के योग नजर आ रहे हैं। आज उचित व्यवस्था हो जाने के बावजूद मन में कुछ उलझन बनी रहेगी, अपना मनोबल मजबूत रखें। आज आय के साथ-साथ खर्चे भी बढ़ेंगे। अगर किसी व्यक्ति पर भरोसा करके निर्णय लेने वाले हैं, तो उचित सोच विचार करना जरूरी है, जल्दबाजी ना करें। आज आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ खुशी के पल बितायेंगे। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज बड़ों का सानिध्य मिलेगा और घर में सुख सुविधा संबंधी वस्तुओं की खरीदारी भी होगी। किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति से मुलाकात के बाद आपको बेहतरीन जानकारियां हासिल होंगी। अगर सरकारी मामला फंसा हुआ है तो उससे संबंधित फैसला आपके पक्ष में होने के योग हैं। आज आप अपने भविष्य को बेहतर बनाने का प्लान बनाएंगे। संतान को सफलता मिलने से आपकी खुशी में इजाफा होगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज ऑफिस में आपके परफॉरमेंस की तारीफ होगी। आज बिजनेस के रुके हुए काम पूरे करने में सफलता मिल सकती हैं। कुछ अन्य काम की भी शुरुआत करने की योजना बन रही है तो उस पर भी विचार-विमर्श और अमल करने का उचित समय है। ऑफिस में अपने प्रोजेक्ट संबंधित फाइलें बहुत ही संभालकर रखेंगे। जीवन में खुशियां ही खुशियां आएंगी। बच्चे आज किसी खिलौने की मांग कर सकते है आप भी उन्हें निराश नहीं करेंगे, जिससे वे आपसे प्रसन्न रहेंगे।

सिंह राशि : आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। जो लोग स्थान परिवर्तन के लिए इच्छुक हैं, आज उनकी यह इच्छा पूर्ण होने के योग है। आपकी सकारात्मक सोच से आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। पारिवारिक और सामाजिक गतिविधियों में आपका योगदान रहेगा। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में आपका रुझान बना रहेगा। आज रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। छात्रों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला साबित होगा। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आएगा।

कन्या राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज अचानक आय के नए रास्ते मिलेंगे, जिसका लाभ उठाने में आप सफल होंगे। आज दौड़-भाग रहेगी लेकिन किसी रिश्तेदार या दोस्त की मदद से आपकी हिम्मत और बढ़ेगी। आज आप परिवार की जिम्मेदारी अच्छे से निभा लेंगे। फोन या ईमेल के माध्यम से खास सूचना मिलेगी।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज महत्वपूर्ण निर्णय लेने में दूरदर्शिता बनाए रखें जल्दबाजी करना उचित नहीं है। लोन लेने की योजना बनाई है तो उससे संबंधित अभी और अधिक जानकारियां लेने की जरूरत है। बेवजह की गतिविधियों में समय व्यर्थ न करके अपने कामों में ही व्यस्त रहेंगे।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। सार्वजनिक क्षेत्र में आपकी छवि के अनुसार आपको परिणाम मिलेंगे। आपके बिजनेस में उलझने रहेंगी, लेकिन मेहनत से उनको सुलझा लेंगे। किसी भी कार्य में अपने निर्णय को हीप्राथमिकता दें, दूसरों की बातों में आकर अपना नुकसान न करें।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज आप नया बिजनेस शुरू करने की प्लानिंग करेंगे। आज किसी काम में की गई मेहनत का उचित परिणाम हासिल होगा। दूसरों से अपना काम निकलवाने में सफल रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षा व करियर से संबंधित समस्याओं से राहत मिलेगी। आपको बड़े- बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आपको किसी पुराने स्वास्थ्य संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम आपको मिलेगा आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। आज परिवार में भाई-बहनों से मदद लेनी पड़ सकती हैं।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका मन दान-पुण्य में अधिक लगेगा। आज का दिन कुछ व्यस्तता से भरा रहेगा। लेकिन आपके प्रयासों से व्यवस्था बनती जाएगी। किसी काम को पूरा करने में आज दोस्त की मदद मिलेगी। ऑफिस में आज आपको सम्मानित किया जा सकता है। आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज आपका दांपत्य जीवन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको अचानक धन लाभ होने के योग भी बन रहे है।

मीन राशि : आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। पिछले कुछ समय से चल रही उलझन से आज राहत मिलेगी। अनुभवी लोगों के सानिध्य में आपको कुछ सकारात्मक अनुभव मिलेंगे। पूरी मेहनत से अपने कामों को अंजाम देगे।

# भारत में कुम्भ मेले की जड़ें सहस्त्राब्दियों वर्ष पुरानी

**अशोक प्रवृद्ध**

ऐतिहासिक विवरणियों के अनुसार भारत में कुम्भ मेले की जड़ें सहस्त्राब्दियों वर्ष पुरानी हैं, जिसका प्रारंभिक उल्लेख वैदिक, पौराणिक ग्रंथों तथा चौथी शताब्दी ईसा पूर्व से छठी शताब्दी ईस्वी में भारत के शासक रहे मौर्य और गुप्त काल के दौरान मिलता है। तीर्थराज प्रयाग पवित्र स्थलों में सबसे ऊपर माना जाता है। पवित्रता के प्रतीक के रूप में मान्यता प्राप्त गंगा नदी को पुण्यदायिनी कहा जाता है। पुण्य व धार्मिकता की दाता गंगा भक्ति की प्रतीकात्मक यमुना नदी से मिलती है, जिनसे अदृश्य स्वरूपिनी ज्ञान की प्रतीक सरस्वती मिलती है।

भारत में पवित्र नदियों के किनारे अवस्थित चार स्थानों – हरिद्वार, उज्जैन, नासिक और प्रयागराज में कुम्भ (कुंभ) मेला का पवित्र आयोजन सदियों से होता रहा है।

खगोलीय गणनानुसार यह मेला मकर संक्रान्ति के दिन प्रारंभ होता है, जब सूर्य और चंद्रमा वृश्चिक राशि में और वृहस्पति, मेष राशि में प्रवेश करते हैं।

यह समय आंतरिक रूप से आध्यात्मिक स्वच्छता और आत्मज्ञान के लिए शुभ अवधि का संकेत माना जाता है।

हरिद्वार, उज्जैन, नासिक और प्रयागराज में से प्रत्येक स्थान पर प्रत्येक 12 वें वर्ष तथा प्रयाग में दो कुम्भ पर्वों के बीच छह वर्ष के अंतराल में अर्द्धकुम्भ का आयोजन भी होता है।

भारतीय संस्कृति में प्रयागराज में अवस्थित गंगा, यमुना और पौराणिक गुप्त सरस्वती के संगम स्थल को अत्यंत पवित्र, धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व का प्रतीक माना जाता रहा है।कुम्भ मेले के अवसर पर इस संगम स्थल में आयोजित होने वाले कुम्भ पर्व में करोड़ों श्रद्धालु एकत्र होते हैं और नदी में स्नान करते हैं, धार्मिक आयोजनों व आध्यात्मिक प्रवचनों में भाग लेते हैं।वर्ष 2013 का कुम्भ प्रयाग में हुआ था। फिर 2019 में प्रयाग में अर्द्धकुम्भ मेले का आयोजन हुआ था। अब 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयाग में महाकुम्भ का आयोजन होगा। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारी की गई है।ऐतिहासिक विवरणियों के अनुसार भारत में कुम्भ मेले की जड़ें सहस्त्राब्दियों वर्ष पुरानी हैं, जिसका प्रारंभिक उल्लेख वैदिक, पौराणिक ग्रंथों तथा चौथी शताब्दी ईसा पूर्व से छठी शताब्दी ईस्वी में भारत के शासक रहे मौर्य और गुप्त काल के दौरान मिलता है।इसमें पूरे भारतीय उपमहाद्वीप से तीर्थयात्री आते थे। गुप्तकाल के शासकों ने प्रतिष्ठित धार्मिक मंडली के रूप में इसकी स्थिति को और अधिक महत्व प्रदान किया।मध्य काल में कुम्भ मेले को विभिन्न शाही राजवंशों से संरक्षण प्राप्त हुआ, जिनमें दक्षिण में चोल और विजयनगर साम्राज्य, उत्तर में दिल्ली सल्तनत, राजपूत व मुगल मुगल शासकों का संरक्षण मिला।

कहा जाता है कि अकबर ने भी धार्मिक सहिष्णुता की



भावना को दर्शाते हुए कुम्भ समारोहों में भाग लिया था।

ब्रिटिश प्रशासकों ने इस उत्सव को देखकर इसके विशाल पैमाने और इसमें आने वाले लोगों के विविध सभाओं में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं वृहत संख्या को देख आश्चर्यचकित होकर इसका दस्तावेजीकरण किया।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद आवागमन के साधनों के विकसित होने से महाकुम्भ मेले को और भी अधिक महत्व प्राप्त हुआ, जो राष्ट्रीय एकता और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यूनेस्को द्वारा 2017 में कुम्भ को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता प्राप्त है।कुम्भ का शाब्दिक अर्थ घड़ा, सुराही, बर्तन है। पौराणिक ग्रंथों में इसका वर्णन जल अथवा अमरता अर्थात अमृत के लिए किया गया है।मेला शब्द का अर्थ है- किसी एक स्थान पर मिलना, एक साथ चलना, सभा में अथवा फिर विशेष रूप से सामुदायिक उत्सव में उपस्थित होना।इस प्रकार, कुम्भ मेले का अर्थ है –अमरत्व का मेला। ज्योतिष व खगोलीय गणनाओं के अनुसार कुम्भ मेला मकर संक्रान्ति के दिन प्रारंभ होता है, जब सूर्य और चन्द्रमा, वृश्चिक राशि में और वृहस्पति, मेष राशि में प्रवेश करते हैं।मकर संक्रान्ति के होने वाले इस योग को कुम्भ स्नानयोग कहते हैं और इस दिन को विशेष मंगलकारी माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन पृथ्वी से उच्च लोकों के द्वार खुलते हैं और इस प्रकार इस दिन स्नान करने से आत्मा को उच्च लोकों की प्राप्ति सहजता से हो जाती है।यहाँ स्नान करना साक्षात स्वर्ग दर्शन माना जाता है। भारतीय संस्कृति व हिन्दू धर्म में कुम्भ का अत्यधिक महत्व माना जाता है।

पौराणिक मान्यताओं व ज्योतिषिय गणनानुसार कुम्भ का असाधारण महत्व बृहस्पति के कुम्भ राशि में प्रवेश तथा सूर्य के मेष राशि में प्रवेश के साथ जुड़ा है।ग्रहों की स्थिति हरिद्वार से बहती गंगा के किनारे पर स्थित हर की पौड़ी स्थान पर गंगा जल को औषधिकृत करती है तथा उन दिनों यह अमृतमय हो जाती है।यही कारण है ? कि अपनी अंतरात्मा की शुद्धि हेतु पवित्र स्नान करने लाखों श्रद्धालु यहाँ आते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से अर्ध कुम्भ के काल में ग्रहों की स्थिति एकाग्रता तथा ध्यान साधना के लिए उत्कृष्ट होती है।

यही कारण है कि ऐसे अवसरों पर यहाँ अर्ध कुम्भ तथा कुम्भ मेले के लिए आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों की संख्या सर्वाधिक होती है।

कुम्भ पर्वायोजन को लेकर अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं, जिनमें से एक सर्वाधिक मान्य कथा देवता व दानवों के सामूहिक प्रयत्न से संपादित समुद्र मंथन से प्राप्त अमृत कुम्भ से अमृत बूँदें गिरने से संबंधित है।

इस पौराणिक कथा के अनुसार महर्षि दुर्वासा के शाप के कारण इन्द्र और अन्य देवता श्रीहीन हो गए। देवताओं के कमजोर हो जाने पर दैत्यों ने देवताओं पर आक्रमण कर उन्हें परास्त कर दिया।

तब सब देवता मिलकर भगवान विष्णु के पास गए और उन्हें सारा वृतान्त सुनाया। तब भगवान विष्णु ने उन्हे दैत्यों के साथ मिलकर क्षीरसागर का मंथन करके अमृत निकालने की सलाह दी।

भगवान विष्णु के सलाह पर सभी देवता दैत्यों के साथ सन्धि करके अमृत निकालने के यत्न में लग गए। उनके अथक प्रयास से उन्हें अमृत कलश प्राप्त हुआ, लेकिन अमृत कुम्भ के निकलते ही देवताओं के इशारे से इन्द्रपुत्र जयन्त अमृतकलश को लेकर आकाश में उड़ गया।उसके बाद दैत्यगुरु शुक्राचार्य के आदेशानुसार दैत्यों ने अमृत को वापस लेने के लिए जयन्त का पीछा किया। घोर परिश्रम के बाद दैत्यों ने बीच रास्ते में ही जयन्त को पकड़ लिया।तत्पश्चात अमृत कलश पर अधिकार जमाने के लिए देवता व दानवों में बारह दिन तक अविराम युद्ध होता रहा।इस परस्पर संघर्ष के दौरान पृथ्वी के चार स्थानों –प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन, नासिक में जयन्त ने कलश को रखा जहां कलश से अमृत की बूंदें छलक कर गिर पड़ीं।उस समय चंद्रमा ने घट से प्रस्रवण होने से, सूर्य ने घट फूटने से, गुरु ने दैत्यों के अपहरण से एवं शनि ने देवेन्द्र के भय से घट की रक्षा की।


कलह शान्त करने के लिए भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण कर यथाधिकार सबको अमृत बाँटकर पिला दिया। इस प्रकार देव-दानव युद्ध का अन्त किया गया।कथा के अनुसार अमृत प्राप्ति के लिए देव-दानवों में परस्पर बारह दिन तक निरंतर युद्ध हुआ था। देवताओं के बारह दिन मनुष्यों के बारह वर्ष के तुल्य होते हैं।

इसलिए कुम्भ भी बारह होते हैं। उनमें से चार कुम्भ पृथ्वी पर होते हैं और शेष आठ कुम्भ देवलोक में होते हैं, जिन्हें देवगण ही प्राप्त कर सकते हैं, मनुष्यों की वहाँ पहुँच नहीं है।जिस समय में चन्द्रादिकों ने कलश की रक्षा की थी, उस समय की वर्तमान राशियों पर रक्षा करने वाले चंद्र - सूर्यादिक ग्रह जब आते हैं, उस समय कुम्भ का योग होता है अर्थात जिस वर्ष जिस राशि पर सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति का संयोग होता है, उसी वर्ष, उसी राशि के योग में, जहाँ-जहाँ अमृत बूँद गिरी थी, वहाँ-वहाँ कुम्भ पर्व का आयोजन होता है।





# केंद्र सरकार मार्च 2026 तक भारत से नक्सलवाद को खत्म कर देगी : गृहमंत्री अमित शाह



रायपुर (ए.)। छत्तीसगढ़ में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के आठ जवानों और एक नागरिक ड्राइवर की नक्सलियों द्वारा हत्या किए जाने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार मार्च 2026 तक भारत से नक्सलवाद को खत्म कर देगी। उन्होंने आगे कहा कि जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। गृह मंत्री ने लिखा कि बीजापुर (छत्तीसगढ़) में आईईडी ब्लास्ट में डीआरजी के जवानों को खोने की सूचना से अत्यंत दुःखी हूँ। वीर जवानों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएँ व्यक्त करता हूँ।

अमित शाह ने आगे कहा कि इस दुःख को शब्दों में व्यक्त कर पाना असंभव है, लेकिन मैं विश्वास दिलाता हूँ कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हम मार्च 2026 तक भारत की भूमि से नक्सलवाद को समाप्त करके ही रहेंगे। वहीं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा ने आईईडी विस्फोट में हमारे 8 जवान और एक ड्राइवर शहीद हुए हैं। मैं उनकी शहादत को नमन करता हूं, उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं। उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी, जिस तरह से लगातार नक्सलियों को परास्त किया जा रहा है, उससे वे हताश हैं और ऐसी कायराना हरकतें कर रहे हैं। जल्द छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का खात्मा होगा और यहां शांति बहाल होगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बीजापुर आईईडी विस्फोट पर कहा कि यह कैसे हुआ यह जांच का विषय है... अब हम इस पूरे नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए और दृढ़ता और ताकत के साथ काम करेंगे... उन्होंने (केंद्रीय गृह मंत्री) और दृढ़ता के साथ कार्रवाई करने की बात कही है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सोमवार को नक्सलियों ने एक वाहन को बारूदी सुरंग में विस्फोट कर उड़ा दिया, जिसमें जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के आठ जवान और एक चालक की मौत हो गई। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुंदरराज पी ने बताया कि कुटरू थाना क्षेत्र के अंबेली गांव के पास दोपहर करीब 2.15 बजे नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर एक वाहन को उड़ा दिया। यह घटना तब हुई जब दंतेवाड़ा जिले के जिला रिजर्व गार्ड(डीआरजी) के जवान नक्सल विरोधी अभियान के बाद अपनी एसयूवी कार से लौट रहे थे। अधिकारी ने बताया कि सभी आठ डीआरजी जवानों और वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। डीआरजी राज्य पुलिस की एक इकाई है और इसमें ज्यादातर स्थानीय आदिवासियों और आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को भर्ती किया जाता है।



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी और जेएमएम विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन के साथ झारखंड के रांची के नामकुम में माईयन सम्मान योजना कार्यक्रम में शामिल हुए।

## पलामू में बर्थडे पार्टी के बाद घर पर गोलीबारी, दो अपराधी मारे गए, दो अन्य जख्मी



पलामू(आरएनएस)। पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में रविवार-सोमवार की रात झारखंड के पांडेय गैंग के दो अपराधियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोलीबारी में दो अन्य लोग जख्मी हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए पलामू के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। यह वारदात आपराधिक गिरोहों के बीच वर्चस्व की लड़ाई का नतीजा मानी जा रही है। पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि मारे गए अपराधियों की पहचान भरत पांडेय और दीपक साव के रूप में हुई है। भरत पांडेय एक आपराधिक मामले में लंबे वक्त तक जेल में बंद था। वह बीते 22 दिसंबर को जेल से बाहर निकला था। बताया गया कि पांडेय गिरोह के कई सदस्य पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के गरदा गांव में एक घर में दीपक साव नामक व्यक्ति के पुत्र की बर्थडे पार्टी में जुटे थे। रविवार-सोमवार की देर रात प्रतिद्वंद्वी आपराधिक गिरोह के लोग हथियारों से लैस होकर पहुंचे और घर का दरवाजा खुलवाकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से भरत पांडेय और दीपक साव ने मौके पर ही दम तोड़ तोड़ दिया, जबकि घर के दो अन्य लोग जख्मी हो गए। देर रात फायरिंग से इलाके में दहशत फैल गई। भरत पांडेय और दीपक साव दोनों के खिलाफ हजारीबाग और रामगढ़ जिले के कई थाना क्षेत्रों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। वे पुलिस की मोस्ट वांटेड क्रिमिनल्स की लिस्ट में शामिल थे। दोनों रामगढ़ कोयलांचल में सक्रिय कुख्यात पांडेय गैंग से जुड़े थे, लेकिन हाल में दोनों ने अलग से एक गैंग खड़ा कर लिया था। वारदात की सूचना पाकर चैनपुर और पलामू के कई थाना क्षेत्रों की पुलिस मौके पर पहुंची। मारे गए अपराधियों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। गोली लगने से जख्मी हुए दो अन्य लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है।

## रेलवे ने पेश की मानवता की मिसाल, कोच से गिरे यात्री को उठाने के लिए 1 किमी रिवर्स चलाई ट्रेन

नई दिल्ली(आरएनएस)। एक दुर्लभ घटना में, एक यात्री को बचाने के लिए एक ट्रेन को लगभग एक किलोमीटर पीछे चलाना पड़ा। यह घटना महाराष्ट्र में हुई, जहां तपोवन एक्सप्रेस के एक कोच से गिर गए एक यात्री को बचाने के लिए ट्रेन को रिवर्स में चलाया गया। हालांकि, दुखद रूप से, घायल यात्री को बचाया नहीं जा सका और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। शनिवार सुबह करीब 11 बजे, जब ट्रेन मनमाड जंक्शन पहुंची, तो एक यात्री, सरवर शेख (30 वर्ष, उत्तर प्रदेश) कोच से गिर गया। इस घटना के बाद, ट्रेन के गार्ड ने तुरंत लोको पायलट को सूचित किया। लोको पायलट ने नियंत्रण कक्ष से अनुमति लेकर ट्रेन को रिवर्स में चलाया और घायल यात्री तक पहुंचा। ट्रेन में मौजूद अन्य यात्रियों की मदद से सरवर शेख को ढूंढा गया और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने उसे बचा नहीं पाया। इस घटना के बाद, भारतीय रेलवे की मानवता की इस पहल की काफी प्रशंसा हुई है। हालांकि, यात्री की मृत्यु ने सभी को दुखी कर दिया है।

## यूपी में कड़ाके की सर्दी; लोग ठंड से बचने के लिए ले रहे आग का सहारा, प्रयागराज में अलाव व्यवस्था की मांग

प्रयागराज (आरएनएस)। पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फबारी से उत्तर प्रदेश में भी इसका असर देखने को मिल रहा है। प्रदेश में इस समय कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। आने वाले दिनों में सर्दी के और भी बढ़ने की संभावना है। पिछले कई दिनों से चल रही सर्द हवाएं लोगों का कड़ा इम्तिहान ले रही हैं। ठंड ने लोगों की रातों की नींद उड़ा रखी है। तापमान इतना नीचे गिर गया है कि लोगों को प्रयागराज में लेह, लद्दाख, शिमला, मनाली की ठंड का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी सर्दी के तरह जारी रहने की संभावना जताई है। यूपी में बीते कई दिनों में लोगों को सूर्य के दर्शन नाम मात्र के हुए हैं। सुबह के समय घना कोहरा होता, जिससे रोड पर वाहनों को रफ्तार भी थम जाती है। वहीं, सर्द हवाएं सर्दी और ज्यादा बढ़ाने का काम कर रही हैं। प्रयागराज के एक व्यक्ति ने बातचीत करते हुए कहा कि इस समय ठंड काफी बढ़ गई है। लोगों को ठंड से बचने के लिए आग का सहारा लेना पड़ रहा है। हालांकि, नगर निगम की तरफ से अलाव



की व्यवस्था तो की जा रही है, लेकिन कुछ इलाकों में ये व्यवस्था नहीं की गई है जिसके चलते हम लोग खुद ही लकड़ी ला कर जला रहे है। उन्होंने अपील की है कि सभी जगह अलाव की व्यवस्था की जाए ताकि लोगों और राहगीरों को ठंड से बचने लिए आग का सहारा मिल सके। वहीं एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि इस समय कड़ाकी की सर्दी पड़ रही है। लकड़ी की व्यवस्था नहीं होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हम लोग घर से लकड़ी इकट्ठा करके जलाते हैं और आने जाने वाले लोग यहां पर ठंड से बचने लिए आग का सहारा लेते हैं। उन्होंने अपील की है कि सभी जगह अलाव की व्यवस्था की जाए, क्योंकि हर आने वाले दिन में सर्दी बढ़ती जा रही है।

### एनआईए ने झारखंड में नक्सलियों के ठिकानों पर मारे छापे, कई सामग्री जब्त

रांची, (आरएनएस)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में नौ स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई सीपीआई (माओवादी) से जुड़ी एक जांच के तहत की गई, जिसमें संदिग्ध आतंकवादियों और ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) के ठिकानों पर छापे मारे गए। तलाशी के दौरान एनआईए टीमों ने कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की, जिनमें मोबाइल फोन, मेमोरी कार्ड, सिम कार्ड और अन्य सामग्री शामिल हैं। इसके अलावा, एक 20-लीटर प्लास्टिक केन में 10,50,000 रुपये नकद, एक वॉकी-टॉकी, सैमसंग टैबलेट, पावर बैंक, रेडियो सेट, लेवी वसूली रसीद, जिलेटिन की छड़ें और अन्य संदिग्ध सामान भी बरामद किए गए। यह कार्रवाई एक आरोपी, राजेश देवगम के बयान के बाद की गई, जिसने बताया कि इन सामग्रियों को हुसिपी और राजभासा गांवों के बीच के जंगलों में छिपाया गया था।


### खनौरी बॉर्डर पर महापंचायत : डल्लेवाल को स्ट्रेचर से मंच पर लाया गया, पुलिस अलर्ट

खनौरी (आरएनएस)। केंद्र सरकार के खिलाफ किसानों ने हल्ला बोल दिया है। ठंड के मौसम में भी किसान अपनी मांगे मनवाने के लिए लगातार धरने पर बैठे हुए है। वहीं, हरियाणा पंजाब के खनौरी बार्डर पर किसानों द्वारा महापंचायत की जा रही है। महापंचायत में कई किसान भारी तदाद में पहुंचे हुए है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को स्ट्रेचर से मंच पर लाया गया है। जोकि थोड़ी देर में किसानों को संबोधित करेंगे। जगजीत डल्लेवाल के आमरण अनशन को 40 दिन हो चुके है। उन्होंने देशभर के किसानों से बातचीत के लिए 4 जनवरी को खनौरी बॉर्डर पर पहुंचने की अपील की थी। वहीं, दूसरी तरफ संयुक्त किसान मोर्चा की हरियाणा के टोहाना में महापंचायत हो रही है। इसमें किसान नेता राकेश टिकैत भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि खनौरी बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन को केंद्र चला रहा है। केंद्र इस आंदोलन को लंबा खींचना चाहता है। किसानों की महापंचायत को लेकर हरियाणा में पुलिस अलर्ट पर है। बॉर्डर पर महापंचायत में जाने वालों को रोका जा रहा है।




केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के संबंध में नई दिल्ली में बुनियादी ढांचे, ऊर्जा और शहरी क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ नौवें बजट-पूर्व परामर्श की अध्यक्षता की।

## बीपीएससी विवाद अब पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, प्रीलिम्स परीक्षा रद्द करने की मांग




नई दिल्ली (आरएनएस)। बिहार लोक सेवा आयोग की प्रीलिम्स परीक्षा को रद्द करने की मांग का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें परीक्षा में व्यापक धांधली का आरोप लगाते हुए इसे रद्द करने की मांग की गई है। याचिका में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार अधिकारियों (एसपी और डीएम) के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की गई है। याचिका में मुख्य रूप से परीक्षा रद्द करने का आदेश जारी करने की मांग की गई है, क्योंकि परीक्षा में व्यापक धांधली का आरोप लगाया गया है। याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में सीबीआई जांच की भी मांग की है ताकि धांधली के आरोपों की निष्पक्ष जांच हो सके। इसके अतिरिक्त, याचिका में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग भी शामिल है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले पर जल्द सुनवाई का आग्रह किया है, और फिलहाल 7 जनवरी को सुनवाई होने की संभावना है। गौरतलब है कि 13 दिसंबर, 2024 को आयोजित बीपीएससी पीटी परीक्षा के दौरान पटना के बापू परीक्षा परिसर में गड़बड़ी पाई गई थी, जिसके बाद आयोग ने उस सेंटर की परीक्षा रद्द कर दी थी। इसके बाद पटना के 22 केंद्रों पर आज परीक्षा फिर से आयोजित की जा रही है। छात्रों के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे जन सुराज के मुखिया प्रशांत किशोर आमरण अनशन पर बैठे हैं, आज उनके अनशन का चौथा दिन है। उन्होंने परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए कहा कि सीटें बिकी हुई हैं। उन्होंने कहा कि 15 हजार बच्चों की परीक्षा में 3.5 लाख से ज्यादा बच्चे आंदोलित हैं, और हर जिले और गांव में खबर फैली है कि एक-एक नौकरी के लिए 30 लाख से 1.5 करोड़ तक लिए जा रहे हैं। उन्होंने सरकार से इस पर जवाब देने की मांग की है। प्रशांत किशोर ने कहा कि उनका अनशन जारी रहेगा और वे अपना काम कर रहे हैं, सरकार को अपना काम करने दीजिए। उन्होंने कहा कि वे पिछले ढाई साल से बिहार में काम कर रहे हैं और अगर वे राजनीति नहीं करेंगे तो क्या करेंगे? उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि वे केवल सत्ता में बने रहना चाहते हैं और उन्हें लोगों की चिंता नहीं है।

### कंपनी चलाना एक और बात है और राजनीति करना अलग : नीरज कुमार

पटना (आरएनएस)। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को आमरण अनशन स्थल से पुलिस के हिरासत में लिए जाने के बाद जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने तंज कसते हुए कहा कि बीपीएससी अभ्यर्थी पहले ही प्रशांत किशोर को नकार कर पुनर्परीक्षा में शामिल हो गए थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कंपनी चलाना एक और बात है और राजनीति करना अलग बात है। जदयू नेता ने एक वीडियो बयान जारी करते हुए कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्र में आमरण अनशन उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना है। जिला प्रशासन के कई बार के आग्रह के बाद भी वह अपने प्रचार के लिए अनशन पर बैठे रहे। जदयू नेता ने इसे राजनीतिक नौटंकी बताया। उन्होंने प्रशांत किशोर को नसीहत देते हुए कहा कि राजनीति आपके बूते के बाहर की चीज है। आप लोग वैनिटी वैन में वास करने वाले लोग हैं। ऐसे लोगों को आम आवाम भी पहचानती है। उल्लेखनीय है कि प्रशांत किशोर पटना के गांधी मैदान पर अपनी पांच सूत्री मांग को लेकर पिछले पांच दिनों से आमरण अनशन पर बैठे थे। पुलिस ने पहले ही अनशन को गैरकानूनी बताया था।

## दिल्ली में गिरा पारा, साइकिलिस्ट बोले, ' ठंड से ज्यादा प्रदूषण से हो रही परेशानी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में पड़ रही कड़ाके की ठंड में रविवार को इंडिया गेट सर्कल पर दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से साइकिलिस्ट पहुंचे थे। जहां एक तरफ वह साइकलिंग का लुत्फ उठा रहे थे वहीं, ठंड में प्रदूषण की वजह से हो रही परेशानी से भी जूझते दिखे। कुछ साइकिलिस्ट्स ने आईएएनएस से बात की। एक साइकिलिस्ट ने कहा, वह बुराड़ी से इंडिया गेट तक साइकलिंग करते आए हैं। बुराड़ी की तुलना में यहां प्रदूषण कम है। सुबह घर से निकलने के दौरान विजिबिलिटी कम होती है जिससे कुछ दिखाई नहीं देता है। कल की अपेक्षा आज काफी ठंड है। ठंड के साथ-साथ कोहरा भी है। इसमें प्रदूषण की वजह से सांस लेने में तकलीफ हो रही है। दूसरे साइकिलिस्ट ने कहा, ठंड से कोई दिक्कत नहीं है। प्रदूषण की वजह से विजिबिलिटी कम हो जाती है तो परेशानी हो जाती है। विवेक ने बताया कि ठंड में साइकलिंग का मजा आता है। ठंड बढ़ने के साथ प्रदूषण भी बढ़ रहा है, जिससे सांस लेने में काफी तकलीफ होती है। दिल्ली में शीतलहर का प्रकोप जारी है। रविवार को तापमान गिरकर 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। तेज हवाएं 16 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रही हैं। इससे ठंड और बढ़ गई है। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, रात के वक्त धुंध और हल्का कोहरा रहने की संभावना है, जिससे हवा की गुणवत्ता और विजिबिलिटी पर असर पड़ेगा।

## इमरजेंसी' का ट्रेलर आउट, कंगना ने कहा- 'कहानी सिर्फ एक विवादित नेता के बारे में नहीं

मुंबई (आरएनएस)। अभिनेत्री-सांसद कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' का दूसरा ट्रेलर सोमवार को जारी हो चुका है। कंगना ने कहा कि इमरजेंसी की कहानी सिर्फ एक विवादित नेता के बारे में नहीं है बल्कि यह उन विषयों पर आधारित है, जो आज भी प्रासंगिक हैं। पहले ट्रेलर की तुलना में नए ट्रेलर में और भी ज्यादा इंटेंसिटी और राजनीतिक दमखम दिखाया गया। ट्रेलर में 1975 के उथल-पुथल भरे दिनों और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की घोषणा, इंदिरा इज इंडिया को दिखाया गया है। कंगना रनौत ने फिल्म की कहानी के बारे में बताया, चुनौतियों से भरी एक लंबी यात्रा के बाद, मुझे खुशी है कि हमारी फिल्म 'इमरजेंसी' आखिरकार 17 जनवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज के लिए तैयार है।




यह कहानी सिर्फ एक विवादित नेता के बारे में नहीं है, यह उन विषयों पर आधारित है जो आज भी प्रासंगिक हैं, जिससे यह यात्रा कठिन और महत्वपूर्ण दोनों बन जाती है। कंगना ने आगे कहा, गणतंत्र दिवस से ठीक एक सप्ताह पहले रिलीज होने वाली यह फिल्म हमारे संविधान की दृढ़ता पर विचार करने और अपने प्रियजनों के साथ फिल्म का अनुभव करने का सही समय है। निर्माता उमेश केआर बंसल ने कहा, 1975 के आपातकाल को 50 साल पूरे होने को हैं। ऐसे में यह फिल्म न केवल एक ऐतिहासिक पुनर्कथन है बल्कि यह लोकतंत्र की दृढ़ता पर एक प्रतिबिंब भी है और उन लोगों को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने इसके लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने आगे कहा, इमरजेंसी एक सिनेमाई मील का पत्थर है, जो दर्शकों को सवाल करने, जुड़ने और स्वतंत्रता की कीमत को याद करने की चुनौती देता है। 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज को तैयार 'इमरजेंसी' की निर्माता-निर्देशक के साथ लीड एक्टर भी कंगना रनौत खुद हैं। 'इमरजेंसी' में कंगना रनौत के साथ अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर के साथ ही दिवंगत सतीश कौशिक जैसे कलाकार भी शामिल हैं।जी स्टूडियो, मणिकर्णिका फिल्म्स और रेणु पिट्टी ने फिल्म का निर्माण किया है।

### शराब के नशे में चली गोली, बुजुर्ग की मौत, भतीजा घायल, पुलिस ने मुठभेड़ में दो आरोपियों को दबोचा

ललितपुर (आरएनएस)। ललितपुर के पूराकला थाना क्षेत्र के बलरगुवां गांव में शराब के नशे में दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। विवाद के दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर गोली चला दी। इस घटना में एक बुजुर्ग चाचा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को झांसी मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं, मुठभेड़ के बाद पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को मामले की गहन जांच के निर्देश दिए। फिलहाल इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, और स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।



नेपाल में 18वां भारत-नेपाल संयुक्त अभ्यास सूर्य किरण चल रहा है।

## नोरा फतेही ने साड़ी पहने इंटरनेट पर बरपाया कहर, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख मचल उठा फैंस का दिल




बी-टाउन की ग्लैमरस क्वीन और बैली डांसर नोरा फतेही हमेशा अपने ठुमको से सभी फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका खूबसूरती भरा अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।अपनी एक्टिंग से ज्यादा डांसिंग स्टाइल को लेकर लाइमलाइट में रहने वाली एक्ट्रेस नोरा फतेही सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं।हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं, जिसमें वो साड़ी पहनकर कैमरे के सामने बलखाती हुई अदाओं से पोज दे रही हैं।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान व्हाइट कलर की नेट लुक में साड़ी पहनी हुई है और उसके साथ गोल्डन कलर का रिवीलिंग ब्लाउज कैरी किया है।खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस नोरा फतेही ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। नोरा फतेही सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

# कॉमेडी में अश्लीलता ने टैलेंट को किया पीछे : खुशबू कमल

कॉमेडी का सुनहरा दौर शायद अब खत्म हो गया है, और अभिनेत्री खुशबू कमल के अनुसार, इसका कारण आजकल के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बनने वाले कॉमेडियन हैं जो सोचते हैं कि चौंकाने वाली बातें ही मजाक हैं। खुशबू कमल, जिन्हें भाभी जी घर पर हैं और एफआईआर जैसे प्रसिद्ध शोज में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है, आज के कॉमेडी सीन के बारे में साफ-साफ बोल रही हैं, खासकर उर्फी जावेद, कुशा कपिला और कॉमेडियन समय रैना को यह कहकर कि वे कॉमेडी को स्किन, अपमान और निम्न स्तर के मजाक का सर्कस बना रहे हैं।खुशबू कमल का कहना है कि कॉमेडी का असली सार अब कहीं खो गया है। उर्फी जावेद, कुशा कपिला और समय रैना जैसे लोग कॉमेडी के नाम पर सिर्फ ध्यान खींचने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इन्होंने कॉमेडी को एक ऐसा मंच बना दिया है, जहां अगर मजाक काम नहीं करता, तो बैकअप प्लान कपड़े उतारने या विवादित बातें कहने का होता है। खुशबू का मानना है कि इस नई तरह की कॉमेडी ने असली हंसी और रचनात्मकता को खत्म कर दिया है। उनके अनुसार, अगर मजाक नहीं चल पाया, तो यह या तो पर्वनल ड्रामा बन जाता है या अश्लीलता का प्रदर्शन। यह कॉमेडी नहीं है, बल्कि खराब थिएटर है। उन्होंने साफ किया कि ऐसे जॉनर से वे इमोरेस्ड नहीं हैं।खुशबू कमल ने जॉनी लीवर, डेविड धवन और ऋषिकेश मुखर्जी जैसे बड़े कलाकारों की तारीफ की, जो बिना गंदे मजाक या दिखावे के कॉमेडी में मजा और सादगी लाए। उन्होंने कहा, कपिल शर्मा और भारती सिंह आज भी बिना किसी गलत चीज के हमें खूब हंसाते हैं। लेकिन ये नए कॉमेडियन? इनकी गलत हरकतों ने असली कॉमेडी को खत्म कर दिया है। खुशबू ने अपनी नाराजगी साफ-साफ जाहिर की।

खुशबू कमल ने ऐसी कॉमेडी का बच्चों पर पड़ने वाले असर पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, बच्चे इनसे क्या सीख रहे हैं? उन्होंने कहा कि ऐसे गलत व्यवहार को सही मानना खतरनाक हो सकता है। उन्होंने कहा, क्या हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे समझें कि कपड़े



उतारना या गंदी बातें करना ही लोगों को हंसाने का तरीका है? माता-पिता को ऐसी चीजें देखकर सोचना चाहिए और शर्म महसूस करनी चाहिए।अपने आखिरी बयान में खुशबू कमल ने अपनी बात जोरदार तरीके से रखी। उन्होंने कहा, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को अब एक बड़ा बदलाव करने की जरूरत है, वरना ये बिना टैलेंट वाले लोग बच्चों को मनोरंजन के नाम पर गलत और नुकसान पहुंचाने वाली बातें सिखाते रहेंगे। कॉमेडी अब खत्म हो चुकी है, और इन लोगों ने अपनी बेकार हरकतों से उसे दफना दिया है। खुशबू का यह कड़ा बयान न सिर्फ सोचने पर मजबूर करता है, बल्कि बदलती कॉमेडी की दुनिया में नई बहस की शुरुआत भी कर सकता है।

## पुष्पा 2 ने 30वें दिन की सबसे कम कमाई, दंगल का रिकॉर्ड टूटना मुश्किल, गेम चेंजर बिगाड़ सकती है खेल

अल्लू अर्जुन स्टारर एक्शन ड्रामा फिल्म पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अपने 30 दिन यानि एक महीना पूरा कर लिया है. पुष्पा 2 द रूल बॉक्स ऑफिस पर बीती 5 दिसंबर को रिलीज हुई थी. फिल्म पुष्पा 2 ने 294 करोड़ रुपये से रिकॉर्डतोड़ ओपनिंग की थी. पहले ही दिन से पुष्पा 2 बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही है. पुष्पा 2 अपनी कमाई से कई रिकॉर्ड बना चुकी है. पुष्पा 2 हिंटी पट्टी में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. पुष्पा 2 घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सबसे कमाऊ फिल्म साबित हुई है. इसी के साथ पुष्पा 2 वर्ल्डवाइड सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लिस्ट में भी शामिल हो गई है. पुष्पा 2 ने दंगल और बाहुबली के घरेलू बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड तोड़ चुकी है.सैकनिल्क के अनुसार, पुष्पा 2 की कमाई अभी भी करोड़ों रुपये में हो रही है. पुष्पा 2 ने 30वें दिन यानि 5वें फ्राइडे को 3.85 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. इसमें सबसे ज्यादा हिंदी में 2.75 करोड़ रु, तेलुगू में 1 करोड़ रुपये, तमिल में 0.8 करोड़, कर्नाटक में 0.1 करोड़ और मलयालम में 0.1 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. बता दें, 30वें दिन फिल्म की कमाई में 23 फीसदी की गिरावट आई है. वहीं 29वें दिन फिल्म ने 5 करोड़ रुपये कमाए थे. बता दें, चौथे हफ्ते में पुष्पा 2 ने 69.65 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. बता दें, पुष्पा 2 के 29वें दिन (5 करोड़) और 30वें दिन (3.85) की कमाई को जोड़े तो घरेलू कलेक्शन से भी फिल्म 1807 करोड़ रुपये के करीब पहुंच चुकी है और अभी फिल्म में ओवरसीज की कमाई जुड़ना बाकी है. बता दें, पुष्पा 2 ने अभी तक तेलुगू में 332.76 करोड़, हिंदी में 781.15 करोड़, तमिल में 57.83 करोड़, कन्नड़ में 7.7 करोड़ और मलयालम में 14.16 करोड़ रुपये का कुल कलेक्शन कर लिया है. बता दें, पुष्पा 2 ने 28 दिनों में वर्ल्डवाइड ऑफिशियली 1799 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है. अब 29वें और 30वें दिन की की कमाई से पुष्पा 2 ने बाहुबली 2 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. बता दें,



बाहुबली 2 के दो वर्ल्डवाइड आंकड़े सामने आ रहे हैं, जिसमें 1788.06 और 1810 करोड़ रुपये. ऐसे में देखा जाए तो पुष्पा 2 देश की दूसरी सबसे कमाऊ फिल्म बन गई है. अब पुष्पा 2 आमिर खान की दंगल का रिकॉर्ड तोड़ने जा रही है. दंगल ने वर्ल्डवाइड 2024 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. बता दें, अब मकर संक्रांति पर साउथ सुपरस्टार राम चरण की फिल्म गेम चेंजर रिलीज होने जा रही है. आरआरआर की कामयाबी के बाद राम चरण फिल्म गेम चेंजर से बॉक्स ऑफिस पर गेम बदल देगी. फिल्म गेम चेंजर आगामी 10 जनवरी को रिलीज हो रही है और इससे पुष्पा 2 की कमाई पर बड़ा असर पड़ेगा।

### ये जवानी है दीवानी की री-रिलीज ने सिनेमाघरों में मचाई धूम, रणबीर-दीपिका का जादू फिर से लाया रंग!

अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित ये जवानी है दीवानी ने सिनेमाघरों में शानदार वापसी की है। 3 जनवरी को 46 शहरों में 140 पीवीआर आईनॉक्स सिनेमाघरों में फिर से रिलीज़ हुई इस फ़िल्म को लोगों ने खूब पसंद किया। मूल रूप से 31 मई, 2013 को रिलीज़ हुई इस फ़िल्म ने रणबीर कपूर को सुपरस्टार बना दिया।

करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, ये जवानी है दीवानी की लोकप्रियता इसके असाधारण संगीत, शानदार लोकेशन और समकालीन कहानी की वजह से है। रणबीर कपूर, दीपिका पादुकोण, आदित्य रॉय कपूर और कल्कि कोचलिन के दमदार अभिनय के दम पर यह फ़िल्म एक कल्ट क्लासिक बन गई है।

पुन: रिलीज़ की शानदार एडवांस बुकिंग बिक्री - बुक माई शो पर 41,440 टिकटें बिकीं - इसकी निरंतर अपील को दर्शाती है। हैदराबाद में अतिरिक्त शो जोड़े गए हैं, जो फ़िल्म की नई मांग को दर्शाता है।

ये जवानी है दीवानी की वापसी ने फिल्म प्रेमियों के बीच इसकी लोकप्रियता को और मजबूत किया है। इस री-रिलीज़ से नए दर्शकों को फिल्म के जादू का अनुभव करने का मौका मिलेगा, साथ ही पुराने दर्शकों की पुरानी यादें भी ताज़ा होंगी।

## 6 जनवरी को जारी होगा हरि हर वीरा मल्लू का पहला गाना, निर्माताओं ने जारी किया पवन कल्याण का नया पोस्टर

साउथ फिल्म हरि हर वीरा मल्लू सुपरस्टार पवन कल्याण की मुख्य भूमिका में एक बड़े बजट के साथ बनाई जा रही है। फिलहाल फिल्म की शूटिंग तेजी से की जा रही है। यह फिल्म अपनी ज्यादातर शूटिंग पहले ही पूरी कर चुकी है। वहीं, दूसरी ओर निर्माताओं ने नए साल के मौके पर फैंस को तोहफा देने की योजना बनाई थी। आखिरकार उन्होंने अपना वादा पूरा किया और अब वे फिल्म का पहला गाना रिलीज करने के लिए तैयार हैं।पवन कल्याण की आगामी पीरियड ड्रामा हरि हर वीरा मल्लू एक महत्वपूर्ण अपडेट के साथ सुर्खियों में है। फिल्म के निर्माताओं ने प्लेटफॉर्म एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से घोषणा की कि पहला सिंगल 6 जनवरी को सुबह 9:06 बजे रिलीज किया जाएगा। पहले गाने का शीर्षक शीर्षक माता विनाली है। खास बात यह है कि विशेष रूप से पवन कल्याण ने खुद इस गाने को अपनी आवाज दी है, जिससे प्रशंसकों के बीच चर्चा हो रही है। पवन कल्याण इससे पहले चार या पांच फिल्मों में गाने गा चुके हैं। अब वे लंबे अंतराल के बाद पार्श्व गायन में वापसी कर रहे हैं, जो उनके प्रशंसकों के लिए काफी खुशी की बात है। हरि हर वीरा मल्लू में अकादमी पुरस्कार विजेता संगीतकार एमएम कीरावनी द्वारा संगीतबद्ध किया गया है। निर्माताओं ने यह खबर पवन कल्याण के नए पोस्टर के साथ साझा की है।गाने के लॉन्च के समय की घोषणा करने के लिए पवन कल्याण का एक नया पोस्टर जारी किया गया, जिसमें अभिनेता अपने हाथ में डफली पकड़े हुए आकर्षक लग रहे हैं। हरि हर वीरा मल्लू की कहानी के बात करें तो यह फिल्म साम्राज्यवादियों के खिलाफ आजादी के लिए एक योद्धा के संघर्ष की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी, पवन 17वीं शताब्दी की पृष्ठभूमि पर आधारित कहानी के साथ प्रशंसकों का मनोरंजन करेंगे। निधि अग्रवाल जहां पवन के विपरीत अभिनय कर रही हैं, वहीं बॉबी देवोल खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं।

# मुंहासों से छुटकारा पाने के लिए चेहरे पर लगाएं ये 5 जड़ी-बूटियां, होती हैं बेहद असरदार

सर्दी में भी मुंहासे होते हैं, जो खुजली का कारण बनते हैं। इस मौसम में मृत त्वचा रोमछिद्रों में फस जाती है और अतिरिक्त तेल के साथ मिलकर इस समस्या का कारण बनती है।अगर आपके भी मुंहासे हैं और आप उनसे छुटकारा पाना चाहते हैं तो रसोई में मौजूद इन जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल कर सकते हैं।आप इन जड़ी-बूटियों से फेस पैक बना सकते हैं या इनसे बने त्वचा की देखभाल वाले उत्पादों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### एलोवेरा

त्वचा की देखभाल में एलोवेरा का इस्तेमाल जरूर किया जाता है, जिसके जरिए त्वचा हाइड्रेट हो सकती है।इससे मुंहासों का प्राकृतिक और घरेलू उपचार हो सकता है और रंजकता भी कम हो सकती है।अगर आप रोजाना चेहरे पर एलोवेरा जेल लगाएंगे, तो आपको मुंहासों के दाग, लालपन और खुजली से राहत मिल जाएगी।आप इसमें चीनी मिलाकर स्क्रब की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं या इसे ऐसे ही लगा सकते हैं।

### हल्दी

हल्दी एक ऐसी जड़ी-बूटी है, जो अपने एंटी-फंगल, एंटी-सेप्टिक और एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों के लिए जानी जाती है।इन सभी गुणों की मदद से यह बैक्टीरिया को खत्म करने



और मुंहासों का इलाज करने में सक्षम हो पाती है।आप कारगर फेस पैक बनाने के लिए इसमें दही, शहद और बेसन मिला सकते हैं। इसे लगाने से न केवल मुंहासे दूर होते हैं, बल्कि उनके दाग भी मिट जाते हैं और त्वचा में प्राकृतिक निखार भी आ जाता है।

### विच हेजल

आप मुंहासों को मिटाने के लिए विच हेजल का भी उपयोग कर सकते हैं, जो एक तरह का फूल होता है। आप इस जड़ी-बूटी से बनाए गए टोनर की मदद से मुंहासों का इलाज कर सकते हैं।विच हेजल अतिरिक्त तेल को हटाने में मदद करता है और मुंहासों के दाग-धब्बों को भी साफ करता है।रुई में इससे बने टोनर की कुछ बूंदें लेकर अपने चेहरे पर लगाएं और त्वचा में अवशोषित हो जाने दें।

### नीम

नीम में शक्तिशाली एंटी-बैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं। इनके जरिए मुंहासों का इलाज किया जा सकता है और उनके कारण होने वाली खुजली को शांत किया जा सकता है।नीम के पत्ते मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया से निपटने, सूजन को कम करने और बंद रोमछिद्रों को साफ करने में मदद कर सकते हैं।आप नीम में एलोवेरा, गुलाब जल, बेसन और शहद जैसे पदार्थ मिलाकर कारगर फेस मास्क तैयार कर सकते हैं।

### तुलसी

तुलसी एक बेहद स्वास्थ्यवर्धक जड़ी बूटी है, जिसे त्वचा की देखभाल के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है।तुलसी के पत्तों में कई एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं, जो मुंहासों को मिटाने में मदद करते हैं।आप इस पौधे का इस्तेमाल करके कारगर फेस क्रीम, फेस पैक, स्क्रब और टोनर तैयार कर सकते हैं। इससे बना एसेंशियल ऑयल भी मुंहासों से छुटकारा दिला सकता है। जानिए त्वचा की देखभाल में तुलसी इस्तेमाल करने के तरीके।

## नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात का खाना कितने बजे तक खा लेना चाहिए?



वजन घटाना आजकल कई लोगों की प्राथमिकता बन गई है। इसके लिए सही समय पर भोजन करना जरूरी है।सही समय पर नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात का खाना करने से न केवल वजन घटाने में मदद मिलती है, बल्कि यह आपकी सेहत को भी बेहतर बना सकता है।इस लेख में हम जानेंगे कि किस समय पर कौन-सा भोजन करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

### सुबह के नाश्ते का सही समय

सुबह के नाश्ते को दिन की शुरुआत में लेना जरूरी है। विशेषज्ञों के अनुसार, सुबह उठने के एक घंटे के अंदर नाश्ता कर लेना चाहिए। इससे मेटाबॉलिज्म तेज होता है और शरीर को ऊर्जा मिलती है।देर से नाश्ता करने पर भूख बढ़ सकती है, जिससे ज्यादा खाने की संभावना रहती है। इसलिए सुबह 7 से 9 बजे के बीच हल्का लेकिन पोषक नाश्ता करें जैसे ओट्स या फल।

### दोपहर के खाने का सही समय

दोपहर का खाना दिनभर की ऊर्जा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इसे दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक कर लेना चाहिए ताकि आपका शरीर इसे अच्छे से पचा सके और आपको पूरे दिन ताजगी महसूस हो सके।इस दौरान संतुलित आहार लें, जिसमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट्स और सब्जियां शामिल हों जैसे दाल-चावल या रोटी-सब्जी आदि।इससे आपका पेट भरा रहेगा और अनावश्यक स्नैक्स खाने की आदत कम होगी, जिससे वजन घटाने में मदद मिलेगी।

### शाम के स्नैक्स का सही समय

शाम को हल्के स्नैक्स लेने से आपकी भूख नियंत्रित रहती है, जिससे रात के खाने में अधिक खाने की संभावना कम होती है।शाम 4 बजे से 6 बजे तक कुछ हल्का जैसे फल या मूंगफली खाएं, जो आपको अतिरिक्त कैलोरी नहीं देगा, लेकिन आपकी भूख शांत करेगा।इससे आप रात तक ऊर्जावान रहेंगे और अनहेल्दी चीजें खाने की इच्छा नहीं होगी, जो अक्सर वजन बढ़ने का कारण बनती हैं।

### रात के खाने का सही समय

रात का खाना सोने से लगभग तीन घंटे पहले कर लेना चाहिए ताकि शरीर उसे अच्छे से पचा सके और नींद प्रभावित न हो।इसे शाम 7 बजे से 8:30 बजे तक कर लेना सही रहता है ताकि सोते वक्त पेट हल्का रहे और नींद अच्छी आए। इस दौरान हल्का आहार लें, जैसे सूप या सलाद, जो आसानी से पच जाते हैं। इससे वजन नियंत्रित रहेगा क्योंकि भारी भोजन करने पर शरीर में अतिरिक्त चर्बी जमा होने लगती है।

## आयरलैंड के खिलाफ महिला वनडे सीरीज से हरमनप्रीत को आराम

### -स्मृति ईरानी करेंगी भारत की कप्तानी

मुंबई, (ए)। एकदिवसीय श्रृंखला के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर को आराम दिया है, जो 10 जनवरी से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में शुरू होगी।

हरमनप्रीत की अनुपस्थिति में बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना भारत की कप्तान होंगी, जबकि सीनियर ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगी। स्मृति ने बल्ले से 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन किया - 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय पारियों में 736 रन बनाए और 13 वनडे में 747 रन बनाए।

10 जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की सीरीज, जिसके बाद 12 और 15 जनवरी को मैच खेले जाएंगे, इस साल भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय मैच है। 2006 के बाद पहली बार भारत आयरलैंड के साथ द्विपक्षीय महिला वनडे सीरीज खेलेगा।

हरमनप्रीत और रेणुका को आराम दिए जाने की वजह से भारत ने बल्लेबाज राघवी बिष्ट को टीम में शामिल किया है, जिन्होंने पिछले महीने नवी मुंबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। इसके अलावा तेज गेंदबाज सयाली सतघरे भी टीम में शामिल हैं, जो पिछले साल अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ 2-1 से जीत के समय टीम में थीं।

दिलचस्प बात यह है कि भारत ने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अरुंधति रेड्डी को आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम में शामिल नहीं किया है, जो वर्तमान में चेन्नई में सीनियर महिला 50 ओवर की चैलेंजर ट्रॉफी में खेल रही हैं।

आयरलैंड के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज में भारत अपने संयोजन को बेहतर बनाने और 2025 महिला वनडे विश्व कप अभियान का हिस्सा बनने वाली अपनी खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करेगा, जिसकी मेजबानी वे इस साल के अंत में करेंगे। यह चौथी बार होगा जब भारत महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी करेगा।

भारत की टीम- स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, राघवी बिस्ट, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर , तितास साधु, साइमा ठाकोर, और सयाली सतघरे।

## रोहित को टेस्ट क्रिकेट की तैयारी के लिए घरेलू मैच खेलने चाहिए

### -बचपन के कोच दिनेश लाड ने सुझाव दिया

नई दिल्ली,(ए)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के बचपन के कोच दिनेश लाड ने सुझाव दिया है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपने खराब प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज को टेस्ट क्रिकेट की तैयारी के लिए कुछ घरेलू मैच खेलने चाहिए।



भारत ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 3-1 से गंवा दी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में लगातार तीसरी बार जगह बनाने से चूक गया। रोहित, जो अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण सीरीज का पहला टेस्ट नहीं खेल पाए थे, सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में पांचवें टेस्ट में आराम करने से पहले अगली पांच पारियों में 10 रन से अधिक स्कोर नहीं बना पाए। उन्होंने सीरीज की पांच पारियों में केवल 31 रन बनाए और अपने खराब प्रदर्शन के लिए सार्वजनिक जांच के दायरे में आ गए।इसके अलावा, पूर्व क्रिकेटरों और मीडिया ने भी उनके नेतृत्व कौशल पर सवाल उठाए, जिससे भारत को लाल गेंद वाले क्रिकेट में आईसीसी मेजर जीतने का मौका गंवाना पड़ा। दिनेश लाड ने बताया कि पिछले साल टी20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित की प्राथमिकताएं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप जीतना थीं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में हार के बाद कोच ने कहा कि रोहित को टेस्ट क्रिकेट खेलने से पहले घरेलू क्रिकेट खेलने पर ध्यान देना चाहिए।

## बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग के सह-मालिक बने



नई दिल्ली,(ए)। बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन ने आईसीसी द्वारा अनुमोदित यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग के साथ हाथ मिलाया है, जो तीन सदस्य क्रिकेट देशों - आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड - के साथ साझेदारी में एक निजी स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट है। उन्होंने सह-मालिक के रूप में संपत्ति में निवेश किया है।

ईटीपीएल 15 जुलाई से 3 अगस्त तक शुरू होने वाला है और इसमें तीनों देशों की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं शामिल होंगी, जो दुनिया भर के विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के साथ सच्चे यूरोपीय अंदाज में कंधे से कंधा मिलाकर खेलेंगी।

यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग में अपने निवेश के बारे में बात करते हुए अभिषेक ने कहा, क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है; यह एक ऐसी एकीकृत शक्ति है जो सीमाओं से परे है। ईटीपीएल क्रिकेट की बढ़ती वैश्विक अपील को प्रदर्शित करने का एक आदर्श मंच है। 2028 ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किए जाने के बाद, इसकी लोकप्रियता और भी बढ़ जाएगी। मैं आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड के क्रिकेट बोर्डों के बीच इस अनूठे सहयोग को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैं सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए समर्पित हूं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ईटीपीएल एक शानदार सफलता बने और क्रिकेट को यूरोप भर में लाखों लोगों के करीब लाए। यह तो बस शुरुआत है। अब समय आ गया है कि हम अपनी आस्तीन ऊपर चढ़ाएं और खेल शुरू करें।

लीग के विकास का नेतृत्व एक अंतरिम कार्य समूह द्वारा किया गया है, जिसमें भाग लेने वाले क्रिकेट बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल हैं, साथ ही रणनीतिक भागीदार रूल्स स्पोर्ट टेक, फंडिंग भागीदारों की ओर से। इस कार्य समूह को प्रमुख निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को संचालित करने और टूर्नामेंट के प्रबंधन के लिए एक समर्पित प्रशासनिक इकाई की स्थापना और संसाधन की देखरेख करने का काम सौंपा गया है।

## ऋषि धवन ने सीमित ओवर के क्रिकेट से संन्यास लिया

नईदिल्ली,, (ए)। हिमाचल प्रदेश के स्टार ऑलराउंडर और भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके ऋषि धवन ने सीमित ओवर के क्रिकेट से संन्यास लेने का एलान किया है। वर्तमान में विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी में हिमाचल प्रदेश की कप्तानी कर रहे ऋषि ने यह घोषणा अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के ज़रिये की। उन्होंने लिखा कि यह फ़ैसला भारी मन से लिया गया है, लेकिन उन्हें अपने करियर पर गर्व है और कोई पछतावा नहीं है।

ऋषि ने अपने पोस्ट में यह भी लिखा है कि यह संन्यास सिर्फ़ सीमित ओवर के क्रिकेट से है। इसका मतलब है कि वह खेल के सबसे बड़े प्रारूप में खेलना जारी रखेंगे। रणजी ट्रॉफ़ी के बाक़ी बचे दो मुक़ाबले में उनके हिस्सा लेने की उम्मीद है।

ऋषि ने भारत के लिए तीन वनडे और एक टी20 मैच खेला है। उन्होंने जनवरी 2016 में ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ वनडे डेब्यू किया था। उसी साल ज़िम्बाब्वे के ख़िलाफ़ अपना पहला और एकमात्र टी20 मैच खेला। हालांकि उनका अंतर्राष्ट्रीय करियर लंबा नहीं चला, लेकिन घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में उनका प्रदर्शन शानदार रहा। अपने संन्यास की घोषणा करते हुए ऋषि ने इंस्टाग्राम पर लिखा, भारी मन से लेकिन बिना किसी पछतावे के, मैं भारतीय क्रिकेट (सीमित ओवर) से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं। यह एक ऐसा खेल है जिसने पिछले 20 वर्षों से मेरी ज़िंदगी को परिभाषित किया है। इस खेल ने मुझे अपार खुशी और अनगिनत यादें दी हैं, जो हमेशा मेरे दिल के बहुत क़रीब रहेंगी।

# रणजी ट्रॉफी खेलकर तकनीकी गलतियों को ठीक करें भारतीय टीम के खिलाड़ी : गावस्कर

## नहीं खेलने वालों के प्रति सख्त रवैया अपनायें कोच गंभीर

सिडनी (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टीम के सभी खिलाड़ियों से रणजी ट्रॉफी में खेलने को कहा है। गावस्कर ने कहा कि रणजी खेलकर खिलाड़ी अपनी तकनीकी कमियों को दूर कर सकते हैं। उनका मानना है कि इससे न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने बल्लेबाजी में जो गलतियां की थी वह ठीक होंगी। गावस्कर ने कहा कि न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में भारतीय बल्लेबाज अपनी गलतियों के कारण विफल रहे थे। भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी ही धरती पर 0-3 से हार का सामना करना पड़ा जबकि ऑस्ट्रेलिया में टीम को 1-3 से हार झेलनी पड़ी।

गावस्कर ने कहा, 23 जनवरी से रणजी ट्रॉफी का अगला दौर है। उसमें सभी फिट खिलाड़ियों को खेलना चाहिये। उसमें नहीं खेलने के लिए जो भी बहाना बनाये उसे भारतीय टीम में जगह नहीं दें। उनका मानना था कि अगर खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी नहीं खेलते हैं, तो कोच गौतम गंभीर को उनके खिलाफ सख्त रवैया अपनाना चाहिये। उन खिलाड़ियों के खिलाफ सख्त फैसले लेने ही होंगे। उन्होंने कहा, गंभीर को कहना चाहिए कि तुम्हारे पास वह प्रतिबद्धता नहीं है। हमें प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। तुम खेल नहीं रहे हो, तुम जो करना चाहते हो करो पर तुम्हें टेस्ट टीम में जगह नहीं मिलेगी।



गावस्कर ने यह भी कहा कि भारतीय बल्लेबाजों के रवैये में जो खामियां आई हैं वे घरेलू क्रिकेट के जरिये ही ठीक की जा सकती हैं। मैंने जो देखा वह तकनीकी कमियां थीं। यदि आप समान गलतियां कर रहे हैं, तो आपको इन्हें सुधारने की जरूरत है। यह सिर्फ इस सीरीज की बात नहीं है, बल्कि न्यूजीलैंड सीरीज के दौरान भी यही हुआ था। साथ ही कहा कि आगामी 2025-2027 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र को देखते हुए घरेलू क्रिकेट के महत्व को स्वीकार करते हुए भारत को अब युवा क्रिकेटरों जैसे यशस्वी जायसवाल और नितीश कुमार रेड्डी पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

## दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान से फॉलो-ऑन कराया, मसूद-बाबर का संघर्ष

केपटाउन, (ए)। पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद और बाबर आजम ने रविवार को केपटाउन में दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका द्वारा फॉलो-ऑन लागू करने के बाद अपनी दूसरी पारी में जोरदार वापसी की। इससे पहले दिन में, मेजबान टीम ने 615 रनों का विशाल स्कोर बनाने के बाद पहली पारी में पाकिस्तान को 194 रनों पर ढेर कर दिया। पाकिस्तान ने तीसरे दिन 64/3 से अपनी पहली पारी जारी रखी। 31 रन पर नाबाद रहे बाबर ने डेब्यू करने वाले क्वेना मफाका द्वारा आउट होने से पहले अपने स्कोर में 27 रन जोड़े। इसके तुरंत बाद मोहम्मद रिजवान ने वियान मुल्डर की गेंद पर अंदरूनी किनारा लेकर गेंद को अपने स्टंप पर लगा दिया। इसके तुरंत बाद नियमित विकेट गिरते गए और मेहमान टीम 194 रन बनाकर आउट हो गई, जबकि सैम अयूब को टखने में फ्रैक्चर हो गया था। एक पारी से हारना तय लग रहा था, क्योंकि पाकिस्तान 421 रन से पीछे था, बाबर (81) और शान मसूद (नाबाद 102) ने 205 रन की ओपनिंग साझेदारी की, जो फॉलो-ऑन के दौरान पाकिस्तान के लिए सबसे लंबी साझेदारी थी।

## जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज से हो सकते हैं बाहर

नईदिल्ली(ए)। हाल ही में सम्पन्न हुई बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज की मेजबानी करनी है।

इस बीच खबर है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली इन दोनों सीरीज से बाहर हो सकते हैं। उन्हें आराम दिया जा सकता है।

बता दें कि भारतीय तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सिडनी टेस्ट के दौरान चोटिल हुए और दूसरी पारी में गेंदबाजी भी नहीं कर सके थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, बुमराह की पीठ की चोट की गंभीरता का अभी पता नहीं चल पाया है।

अगर बुमराह की चोट ग्रेड-1 श्रेणी की है, तो कम से कम 2 से 3 सप्ताह का रिहैब करना होगा।वहीं, ग्रेड-2 की चोट के मामले में, ठीक होने में 6 सप्ताह लग सकते हैं जबकि ग्रेड-3 के लिए कम से कम 3 महीने के आराम और रिहैब की आवश्यकता होती है।भारत को इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेलनी है। बुमराह के वर्कलोड और चैंपियंस ट्रॉफी को ध्यान में रखते हुए उनको टी-20 सीरीज से आराम दिया जाने की उम्मीद थी।

# विदेश समाचार

## बर्ड फ्लू ने कैलिफोर्निया में बढ़ाई अंडों की कीमत, 70 फीसदी तक बढ़े दाम

लॉस एंजिल्स (ए)। कैलिफोर्निया में बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा) ने अंडों की कीमतों पर असर डाला है। मांग ज्यादा बढ़ी है आपूर्ति कम है नतीजतन दाम जबरदस्त बढ़े हैं। पिछले दो महीनों में ही करीब 70 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। सिन्हुआ ने शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट के हवाले से बताया, कैलिफोर्निया में अंडों की कीमतों में बढ़ोतरी जारी है। एक दर्जन बड़े अंडों की कीमत 0.78 डॉलर बढ़ी है और अब ये 8.97 डॉलर में बिक रहा है, जबकि दक्षिणी कैलिफोर्निया में एक दर्जन जंबो अंडों की कीमत औसतन 8.91 से बढ़कर 9.10 डॉलर के बीच हो गई है।यूएसडीए के अनुसार, जंबो अंडे सबसे बड़े होते हैं। इसके बाद अतिरिक्त बड़े, बड़े और मध्यम अंडे होते हैं। दरअसल, वहां छुट्टियों के मौसम में बर्फबारी के बीच अंडों की खपत बढ़ जाती है। यूएसडीए की साप्ताहिक रिपोर्ट में कहा गया कि देश भर में अंडों की कीमतें कुछ हद तक कम हुई हैं, लेकिन अब भी उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। न्यूयॉर्क बाजार में अंडों की थोक कीमत 0.12 डॉलर बढ़कर 6.06 डॉलर प्रति दर्जन हो गई है। अक्टूबर में यह कीमत 3.13 डॉलर और एक साल पहले 2.13 डॉलर थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 2024 के अंत तक मांग बनी रहेगी। अंडों की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति की कमी को लेकर बढ़ती चिंता का कारण है।

## बर्फ की मार से अमेरिका में हाहाकार, 2 राज्यों में इमरजेंसी, राहत एवं बचाव में जुटी टीमें



वॉशिंगटन(ए)। बिगड़े मौसम के चलते अमेरिका के कंसास, पश्चिमी नेब्रास्का और इंडियाना के हिस्सों में बर्फ की चादर बिछी हुई है। यहां पर काफी वाहन सवार फंस गए हैं। इन लोगों की मदद के लिए राज्य के नेशनल गार्ड सक्रिय हैं। यहां पर दो राज्यों ने इमरजेंसी घोषित कर दी है। शीतकालीन तूफान के चलते यहां पर दशक की सबसे भारी बर्फबारी की संभावना बन रही है। तापमान में तेजी से गिरावट, तेज हवा और बर्फ के तूफान के चलते मध्य अमेरिका के कुछ हिस्सों में यात्रा के लिए हालात खतरनाक हो गए हैं।

बहुत ठंडी हवा का ध्रुवीय भंवर आमतौर पर उत्तरी ध्रुव के चारों ओर घूमता है। जब यह ध्रुवीय भंवर दक्षिण की तरफ बढ़ता है तो अमेरिका, यूरोप और एशिया में लोग इसके चलते तेज ठंडक का अनुभव करते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि तेजी से गर्म आर्कटिक ध्रुवीय भंवर के बढ़ने के लिए जिम्मेदार है।

राष्ट्रीय मौसम विभाग के मुताबिक खराब मौसम से प्रभावित होने वालों की संख्या काफी ज्यादा है। इसमें बताया गया है कि अमेरिका में करीब 63 मिलियन लोगों के लिए चेतावनी जारी की गई थी। मिसौरी में पार्किंग में खड़ी गाड़ियों पर बर्फ की परत जम गई थी। इन लोगों को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ा। मिसौरी-कोलंबिया यूनिवर्सिटी में काम करने वाले गैरी राइट ने इस बारे में बताया। उन्होंने कहाकि इसके चलते उन्हें वर्क फ्रॉम होम करना होगा। हालांकि बर्फ में समय बिताने का बहाना ढूंढने के लिए वह अपनी गाड़ी पर जमी बर्फ साफ करने भी निकले।

## ड्रोन हमले में रूसी पत्रकार की मौत, चार मीडियाकर्मी घायल

मास्को (आरएनएस)। रूस की आरआईए नोवोस्ती समाचार एजेंसी ने शनिवार को बताया कि डोनेट्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी ड्रोन हमले में एक युद्ध संवाददाता की मौत हो गई और चार अन्य मीडियाकर्मी घायल हो गए।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ड्रोन ने डोनेट्स्क-गोरलोव्का राजमार्ग पर रूसी पत्रकारों को ले जा रही एक कार पर हमला किया, जिसमें रूसी समाचार पत्र इज़्वेस्टिया के स्ट्रिंगर अलेक्जेंडर मार्टेम्यानोव की मौत हो गई।

घायलों में से एक आरआईए नोवोस्ती संवाददाता मैक्सिम रोमानेंको ने कहा, गोरलोव्का में गोलाबारी के बाद की स्थिति को फिल्माने के बाद, हम डोनेट्स्क लौट रहे थे। राजमार्ग पर, एक कामिकेज़ ड्रोन ने हमारी कार पर हमला किया।

डोनेट्स्क क्षेत्र के प्रमुख डेनिस पुशिलिन ने टेलीग्राम पर कहा कि सभी घायल पत्रकारों का इलाज किया जा रहा है।

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने कहा कि रूसी पत्रकारों के खिलाफ किए गए हमलों के लिए उचित और अपरिहार्य दंड दिया जाएगा।

21 दिसंबर 2024 को ही रूस के तातारस्तान गणराज्य ने यूक्रेनी ड्रोन हमलों के बाद आपातकाल लगा दिया था। तातारस्तान की राजधानी कजान में आठ ड्रोन हमले किए गए थे, छह ड्रोन ने आवासीय भवनों को निशाना बनाया था। हालांकि यूक्रेन ने सुरक्षा नियमों के तहत ड्रोन हमले को लेकर कुछ भी साफ नहीं कहा था।


फरवरी 2022 में मॉस्को द्वारा यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ने के बाद हजारों लोगों की मौत हो चुकी है और कई शरणार्थी भी बने हैं।

## अमेरिका : 10 साल के सबसे बर्फीले तूफान का खतरा, 7 राज्यों में इमरजेंसी घोषित; 6 करोड़ लोग प्रभावित

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका में रविवार को भीषण बर्फीला तूफान की वजह से कई राज्यों में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। अब आशंका जताई जा रही है कि यह अमेरिका में पिछले 10 साल का सबसे भीषण बर्फीला तूफान हो सकता है। इसे देखते हुए 7 राज्यों जनमें केंटकी, वर्जीनिया, वेस्ट वर्जीनिया, कंसास, अर्कांसस और मिसौरी में इमरजेंसी लगा दी गई है। र नेशनल वेदर सर्विस का कहना है कि इस तूफान से अमेरिका के 6 करोड़ से ज्यादा लोगों का जीवन प्रभावित होगा। बता दें फ्लोरिडा में भी में भारी बर्फबारी हो रही है। कंसास और मिसौरी के लिए खास चेतावनी जारी की गई है। नेशनल वेदर सर्विस का कहना है कि इन दोनों राज्यों के कई इलाकों में 8 इंच तक बर्फबारी हो सकती है। यहां पर 72 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल रही हैं।अमेरिका में इस बर्फीले तूफान की बड़ी वजह से पोलर वोर्टेक्स (ध्रुवीय भंवर) को माना जा रहा है। पोलर वोर्टेक्स काउंटर क्लॉकवाइज (घड़ी की उल्टी दिशा) बहती हैं। पोलर वोर्टेक्स भौगोलिक संरचना के कारण आमतौर पर नॉर्थ पोल के चारों ओर घूमता है, लेकिन जब यह दक्षिण की तरफ बढ़ता है तो अमेरिका, यूरोप और एशिया में भारी ठंड लाता है। इन दिनों अमेरिका में यही हो रहा है, एक्सपर्ट्स का मानना है कि ये ध्रुवीय हवाएं यूरोप और एशिया में चल सकती हैं।

# पाकिस्तानी गैंग ने किया 14000 बच्चों का ब्रिटेन में यौन शोषण

## प्रधानमंत्री स्टारमर बर्खास्त करने की मांग




लंदन (ए)। पाकिस्तान के मूल प्रवासियों ने गैंग बनाकर ब्रिटेन में एक घिनौनी हरकत की है इस गैंग ने पिछले 10 साल में 14000 से अधिक नाबालिग बच्चों का यौन शोषण किया है इसकी रिपोर्ट सामने आने के बाद भी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टारमर ने कोई कार्यवाही नहीं की इसके कारण ब्रिटेन में प्रधानमंत्री के खिलाफ भारी जनरोष देखने को मिल रहा है ब्रिटेन की सियासत गरमा गई है

### मस्क ने की प्रधानमंत्री को बर्खास्त करने की मांग

टेस्ला के सीईओ एलॉन मस्क ने इस मामले में किंग चार्ल्स को पत्र लिखा है उन्होंने प्रधानमंत्री को बर्खास्त करने की मांग की है उन्होंने कहा, स्टारमर अभियोग समिति के अध्यक्ष थे उन्होंने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति नहीं दी जिन लोगों के ऊपर आरोप थे वह पाकिस्तान भाग गए हैं ब्रिटेन में पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने भी इसे प्रधानमंत्री की शर्मनाक हरकत बताया है। मशहूर लेखिका जेके रोलिंग ने भी वर्तमान प्रधानमंत्री पर जबरदस्त हमला करते हुए कहा प्रधानमंत्री ने दोषियों पर कोई कार्यवाही ना करके ब्रिटेन को शर्मसार किया है

### पाकिस्तानी ग्रूमिंग रेप गिरोह

पाकिस्तान मूल के ग्रूमिंग रेप गिरोह है। जो ब्रिटेन में नाबालिग लड़कियों को पहले नशीली दवाओं का आदी बनाता है। उसके बाद उन्हें पैसा देता है। उसके बाद ब्रेनवाश करके गिरोह में शामिल कर लेता है। ब्रिटेन में इसे पाकिस्तान ग्रूमिंग रेप गैंग के नाम से जाना जाता है। यह गिरोह लड़कियों की ट्रैफिकिंग के लिए भी पहचाना जाता है।

### दोहरी नागरिकता का फायदा

इस गिरोह के लोग दोहरी नागरिकता का फायदा उठाकर ब्रिटेन में अपराध करते हैं। जब इनके ऊपर कानूनी कार्रवाई शुरू होती है। उसके पहले ही यह पाकिस्तान भाग जाते हैं। ब्रिटेन की वर्तमान सरकार द्वारा रिपोर्ट पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। अधिकांश आरोपी भागकर पाकिस्तान चले गए हैं। जिसके कारण अब ब्रिटेन में प्रधानमंत्री के ऊपर लगातार हमले हो रहे हैं। उन्हें बर्खास्त करने की मांग की जा रही है।

## न्यू जर्सी में हत्या के आरोप में भारतीय मूल के पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

न्यूयॉर्क, (ए)। अमेरिका के न्यू जर्सी के एक जंगल में एक भारतीय व्यक्ति की हत्या के आरोप में पांच भारतीय मूल के लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी। ओशन काउंटी के अभियोजक ब्रैडली बिलहिमर और न्यू जर्सी पुलिस के कर्नल पैट्रिक कैलाहन ने शनिवार को बताया कि इनमें से आखिरी आरोपी संदीप कुमार को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया।

कुलदीप कुमार का शव 14 दिसंबर को न्यू जर्सी के ग्रीनवुड वन्यजीव प्रबंधन क्षेत्र में पाया गया था, जिसके शरीर पर गोली के निशान थे। हालांकि, उनके परिवार ने 26 अक्टूबर को उनके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन उनका शव करीब दो महीने बाद मिला। अभियोजक कार्यालय ने बताया कि हत्या 22 अक्टूबर के आसपास की थी और शव पूरी तरह सड़ चुका था। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने उनकी पहचान में मदद की। अभियोजक कार्यालय के अनुसार, कई कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा की गई जांच ने पांच आरोपियों को इस हत्या से जोड़ा। इन आरोपियों में चार लोग इंडियाना राज्य के ग्रीनवुड से हैं। सौरव कुमार (23), गौरव सिंह (27), निर्मल सिंह (30), और गुरदीप सिंह (22) और एक आरोपी संदीप कुमार (34) न्यूयॉर्क के ओजोन पार्क से है। अमेरिकी कानून के अनुसार, जब किसी आरोपी को दूसरे राज्य में गिरफ्तार किया जाता है, तो अभियोजकों को अदालत में प्रत्यर्पण प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, इसमें गिरफ्तार व्यक्ति प्रत्यर्पण का विरोध कर सकता है।

# धूमधाम से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह
# गणतंत्र दिवस समारोह के संबंध में बैठक आयोजित




सीहोर (निप्र)। जिले में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम और पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां व इंतजाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की व्यवस्थाएं समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर प्रस्तुत की जाने वाली अनेक विभागों की झांकी के लिए झांकी बनाने के पूर्व थीम अनुमोदित कराने के लिए कहा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर झांकियों में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला बाल विकास, उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि, जल संसाधन, सामाजिक न्याय, पंचायत ग्रामीण विकास सहित अनेक विभागों द्वारा उपलब्धियों को दर्शाती एवं जागरूकता का संदेश प्रसारित करती चलित झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। बैठक में गणतंत्र दिवस के आयोजन स्थल एवं आयोजन के विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी गई। गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन पुलिस लाईन में किया जाता है। जिसमें स्थल की साफ, सफाई, ध्वजारोहण, मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान, मुख्यमंत्री जी के भाषण की प्रति, प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र, बेरिकेडिंग व्यवस्था, प्राथमिक उपचार, परेड, झांकियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि की विभिन्न विभागों के माध्यम से की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला पंचायत सीईओ नितिन टाले, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम तन्मय वर्मा, आष्टा एसडीएम श्रीमती स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## निक्षय मित्र बनने पर सभी जिलाधिकारियों को कलेक्टर ने दी बधाई

सीहोर (निप्र)। भारत सरकार के निर्देशानुसार देश के संभावित टीबी मरीजों की खोज के लिए मध्यप्रदेश के 23 जिलों के साथ ही सीहोर में भी 100 दिवसीय निक्षय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आमजन मानस में टीबी की बीमारी के संबंध में समाज मे फैली भ्रंतियों को दूर करते हुए जागरूकता लाने तथा जांच उपचार एवं निदान हेतु प्रेरित करने के लिए सीहोर जिले के सभी जिलाअधिकारियों को निक्षय मित्र बनने पर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने टीएल बैठक के दौरान बधाई दी तथा निक्षय मित्र बनने का पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया तथा जिला क्षय अधिकारी डॉ जेडी कोरी ने कलेक्टर प्रवीण सिंह तथा अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह सहित अन्य अधिकारियों को निक्षय शिविर आभियान का बैज़ लगाया।

# डॉ.आर.सी.जैन को पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव में सौधर्म इंद्र का सौभाग्य प्राप्त हुआ



सीहोर (निप्र)। पिपलेश्वर सेवा समिति के डॉ. आर.सी. जैन प्रधान कृषि वैज्ञानिक अखिल भारतीय कृषि (सोयाबीन)अनुसंधान को पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव में सौधर्म इंद्र का सौभाग्य प्राप्त हुआ और परमपूज्य चर्या शिरोमणि श्री आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महा योगिराज के परम आज्ञानुवृति शिष्य श्री श्रुत संवेगी महा मुनिराज पावन महा श्रवण संघ विराजित 108 श्री सहजानंदी श्री 108 श्री सहज सागर जी मुनि महाराज सा,,श्री 108 श्री अपरिमिट सागर महामुनिराज सा एवं क्षुल्लक श्री 105 श्री श्रेयस सागर जी महाराज सा मुनि संघ ब्रह्मचारी दीदी और बड़ी संख्या में उपस्थित श्रावक श्रेष्ठियों ने उन्हें और उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुनिता जैन रिटायारड प्राचार्य को शुभ कामनाएं और बधाईयां दीं। पावन मुनिराज संघ के इस पुनीत आशीर्वाद पाकर उनका परिवार कृत कृत्य हुआ,अपने पिता सेठ श्री धन्ना लाल जैन माता श्रीमती पार्वती बाई जैन के कुल को गौरांवित किया, हम समस्त सकल दिगंबर जैन समाज सीहोर एवं श्री आदिनाथ दिगंबर समिति इंग्लिश पुरा सीहोरपरिवार सीहोर, सिद्धेश्वर समिति सीहोर , अन्य सामाजिक संगठनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## भाऊखेड़ी क्लस्टर के ग्राम गुड़भेला में हुआ किसान संगोष्ठी का कार्यक्रम

सीहोर (निप्र)। भाऊखेड़ी के क्लस्टर के ग्राम मोगरा राम में सॉलिडारिटी कृषि संस्था ने किसानों की गोष्ठी आयोजित की। इस मौके पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी और उन्नत कृषक राकेश राय ने की। किसानों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान आरएके कृषि कालेज सीहोर मौसम विशेषज्ञ सतेन्द्र सिंह तोमर ने किसानों को आर्गनिक फार्मिंग के बारे में जानकारी दी। जिसमें सॉलिडारिटी कृषि संस्था के सहयोग की सराहना की। जो संस्था द्वारा वर्मी वेट, ब्लूस्टिक कार्ड, फेरमनटेप, लीपकलर चार्ट, मौसचर मीटर जो संस्था द्वारा किसानों को वितरण किए गए, इसके उपयोग से किसानों को खेती की लागत में कमी आई है और उत्पादन में वृद्धि हुई है। सॉलिडारिटी कृषि संस्था क्लस्टर इंचार्ज ठाकुर प्रसाद चंद्रवंशी ने किसानों को बताया कि भाऊखेड़ी क्लस्टर के हमारे 20 लीड फार्मर इसका उपयोग कर फायदा ले चुके है। इस मौके पर वक्ताओं ने किसानों को खेती करने के आधुनिक तरीकों की जानकारी के अलावा आधुनिक फसलों की जानकारी दी।



## *मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के क्रियान्वयन के निर्देश*


*सीहोर (निप्र)। जिले में मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के क्रियान्वयन के तीव्र गति के कार्य एवं योजना के तहत 18 वर्ष आयु तक के अनाथ बच्चों को जो अपने संबंधियों अथवा शिक्षकों के साथ जीवन यापन कर रहे हैं। उनको शिक्षा स्वास्थ्य एवं संरक्षण के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से ही मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना लागू की गई। योजना के तहत 18 वर्ष की आयु तक के अनाथ बच्चे जो अपने संबंधियों अथवा शिक्षकों के साथ जीवन यापन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना 2021 का लाभ नहीं मिला है तथा मध्यप्रदेश के मूल निवासी हो। स्पॉन्सरशिप के लिए पात्र पाए गये बालक, बालिका को बाल कल्याण समिति द्वारा देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता का बालक घोषित करने के पश्चात प्रारंभ में एक वर्ष तक 4000 रूपये प्रति माह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी जिससे बालक बालिका को अधिकतम 18 वर्ष की आयु तक बढ़ाया जा सके।*

## गांधी मेडिकल कॉलेज एवं हमीदिया अस्पताल भोपाल की संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की जाए : धनवाल

सीहोर (निप्र)। गांधी मेडिकल कॉलेज एवं हमीदिया अस्पताल भोपाल की डीन, डॉक्टर कविता सिंह से मध्यप्रदेश अजाक्स भोपाल संभाग के अध्यक्ष बंशीलाल धनवाल, टीम ने एडमिन ब्लॉक में मुलाकात कर, नव वर्ष की शुभकामना देते हुए, गांधी मेडिकल कॉलेज एवं हमीदिया अस्पताल भोपाल की संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक किये जाने हेतु एक पत्र सौंपा। संभाग अध्यक्ष एवं समिति सदस्य श्री धनवाल ने बताया कि पिछले कई महीनो से गांधी मेडिकल कॉलेज एवं हमीदिया अस्पताल भोपाल के अंतर्गत समिति की बैठक का आयोजन नहीं हुआ है , इसके कारण स्थानीय अधिकारी एवं कर्मचारियों की विभिन्न समस्याएं, स्थानीय एवं शासन स्तर पर लंबित है। अतः गांधी मेडिकल कॉलेज एवं हमीदिया अस्पताल के अधिकारी कर्मचारियों की एक संयुक्त बैठक, इस माह के अंत तक आयोजित की जाए, ताकि स्थानीय समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ रोस्टर का अवलोकन हो सके।

# श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज के सानिध्य में चल रहे धार्मिक अनुष्ठान

## पंच कल्याणक महोत्सव के पात्रों का हुआ चयन



सीहोर (निप्र)। आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ससंघ श्रीं आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित इंग्लिशपूरा मे विराजमान हैं।मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज के सानिध्य में प्रातः भगवान आदिनाथ की प्रतिमा के अभिषेक शांति धारा नित्य नियम पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान श्रावक श्राविकाएं संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं।आगामी 16 जनवरी से 21 जनवरी तक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। इसके लिए पात्रों के चयन में भगवान के माता-पिता के रूप में रमेश चंद्र गीता देवी निवासी कोठरी को सौभाग्य प्राप्त हुआ। वही सौ धर्म इन्द्र इंद्राणी के रूप में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर आरसी जैन डाक्टर सुनीता को प्राप्त हुआ महा यज्ञनायक होंगे डॉ गणेश लाल जैन श्रीमती सुनीता, श्री नेमी कुमार के रूप में प्रवीण जैन श्रीमती ईसा जैन सीहोर।

ईशान इंद्र अनमोल कीर्ति जैन भोपाल विधि नायक भगवान नेमीनाथ जी मूर्ति स्थापित करने का सौभाग्य प्रकाशचंद विनीत सुपारी वाले सीहोर आदिनाथ भगवान के रुप में श्री निर्मल कुमार जैन मंडी कमेटी वाले सीहोर वालों को सौभाग्य प्राप्त हुआ।

# शिव महापुराण कथा में पहुंचे विधायक सुदेश राय ने दी 30 लाख की सौगात

## शिव की कृपा पाने के लिए सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए-कथा वाचक पंडित सुरेश कृष्ण महाराज




सीहोर (निप्र)। शिव की कृपा पाने के लिए सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए और प्रकृति को संवारना चाहिए। जब भी मनुष्य ने प्रकृति के साथ छेड़छाड़ की, तब शिव का रौद्र रूप देखा गया है। प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के लिए काम करना, महादेव की आराधना से कम नहीं है। उक्त विचार ग्राम पाटन में चल रही शिव महापुराण की कथा में कथा वाचक पंडित सुरेश कृष्ण महाराज ने कहे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा द्वारा बताया गया ग्राम पाटन में चल रही शिव महापुराण की कथा में में पहुंचे सीहोर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदेश राय ने व्यास पीठ का पूजन एवं कथा वाचक पंडित सुरेश कृष्ण का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान कर भगवान शिव से प्रार्थना करते हुए कहा कि सदैव हर प्राणी में सद्भावना सरलता सहजता बनाए रखना और हमारे ऊपर भी आशीर्वाद बनाए रखना इसी दौरान विधायक श्री राय द्वारा 25 लाख की राशि से बनने वाले सामुदायिक भवन की एवं 5 लाख की राशि से बनने वाले चादर शेड की स्वीकृति भी प्रदान की आने वाले समय में भी भगवान भोलेनाथ की कृपा से अनेकों अनेकों विकास कार्य ग्राम पाटन में करने का कहा गया। कथा में सरपंच प्रतिनिधि राकेश पटेल, सरपंच संघ जिला अध्यक्ष एलम सिंह दांगी, जनपद सदस्य हेम सिंह मीणा, धर्मेंद्र बैरागी, रमेश मीणा, सरपंच पर्वत सिंह, सरपंच कमल सिंह, सरपंच दीवान सिंह, अभिषेक तिवारी, रवि दांगी, कपिल सेन, इमरान पटेल, सरपंच कृपाल मीणा, बदामी पाल, मोनू यादव, गोविंद मीणा, जितेंद्र मीणा आदि उपस्थित रहे

### शिव महापुराण में भगवान शिव की महिमा

कथा वाचक सुरेश कृष्ण महाराज ने कहा कि शिव महापुराण में भगवान शिव की महिमा और भक्ति का विस्तृत वर्णन किया गया है, इसमें भगवान शिव के विविध रूपों, अवतारों, ज्योतिर्लिंगों, जन्म-मृत्यु, संघार, आदि के बारे में बताया गया है। संसार के सभी जीव दुखी हैं। इस संसार को दुख रूप ही कहा गया है। जगत में ऐसा कोई जीव नहीं दिखाई देता, जिसने कोई न कोई दुख न भोगा हो। इसलिए जीव निरंतर सुख की अभिलाषा करता है। इसके लिए हमें अपने कर्मों को सद्कर्म बनाना होगा। इस पुराण में शिव के कल्याणकारी स्वरूप का तात्विक विवेचन, रहस्य, महिमा और उपासना का विस्तृत वर्णन है।

शिव को पंचदेवों में प्रधान अनादि सिद्ध परमेश्वर के रूप में स्वीकार किया गया है। शिव-महिमा, लीला-कथाओं के अतिरिक्त इसमें पूजा-पद्धति, अनेक ज्ञानप्रद व्याख्यान और शिक्षाप्रद कथाओं का सुंदर संयोजन है। इसमें भगवान शिव के भव्यतम व्यक्तित्व का गुणगान किया गया है। शिव, जो स्वयंभू हैं, शाश्वत हैं, सर्वोच्च सत्ता हैं, विश्व चेतना हैं। इसलिए हमें शिव महापुराण का श्रवण करने के साथ ही इसे आचरण में भी लाना चाहिए।

## जनकल्याण तथा राजस्व महाभियान का करें प्रभावी रुप से संचालन - कलेक्टर श्री सिंह

### वनाधिकार पट्टों के फौती नामांतरण के लिए 10 जनवरी को विशेष ग्रामसभा

सीहोर (निप्र)। समय-सीमा पत्रकों के निराकरण के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को पूर्व से विभागीय लंबित आवेदनों के निराकरण करने और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने तथा लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के जिलाधिकारियों से कहा कि 300 दिवसों से अधिक की दिनों की लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण किया जाए। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले में चल रहे मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की जनपदवार समीक्षा करते हुए कहा कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के आवेदन पत्रों का निराकरण किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं का लाभ पाने से वंचित नहीं रहे। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान तथा राजस्व महाभियान 3.0 के तहत जितने प्रकरणों का निराकरण किया जाए, उन सभी को पोर्टल पर दर्ज किया जाए। उन्होंने राजस्व महाभियान 3.0 की समीक्षा के दौरान कहा कि इस अभियान के सभी घटकों के तहत प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण किया जाए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह सभी विभागों को न्यायालय द्वारा दिए गए आदेशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने स्कूल-कॉलेजों की स्कॉलरशिप संबंधी शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि इनका जल्द से जल्द निराकरण किया जाए ताकि जल्द ही छात्रों को स्कॉलरशिप मिल सके। उन्होंने संबंल योजना की समीक्षा के दौरान अनुग्रह राशि के भुगतान की कार्यवाही के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि 100 दिवसीय निक्षय शिविर कार्ययोजना को प्रभावी रूप से चलाएं और अधिक से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करें। बैठक में जानकारी दी गई कि अभी तक 54060 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई है।



## विधायक सुदेश राय ने प्रांतीय शिक्षक संघ के वार्षिक कैलेंडर का किया विमोचन



सीहोर (निप्र)। प्रांतीय शिक्षक संघ द्वारा गत वर्ष में किए गए नवाचारों के साथ 2051 पदाधिकारियों के फोटो से सुसज्जित संगठन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया।प्रान्तीय शिक्षक संघ परिवार जिला सीहोर के वार्षिक कैलेंडर 2025 का विमोचन सीहोर के माननीय विधायक सुदेश राय जी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी आर.आर. उईके,विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर, बीआरसीसी अशोक वर्मा, सुरेश गुप्ता मौजूद थे।कैलेंडर में नवाचारी शिक्षकों के नवाचार कार्य, शासकीय शालाओं की विशेषताओं एवं संगठन द्वारा विगत वर्ष में किए गए कार्यों को भी संगठन के कैलेंडर में स्थान दिया गया है।इस अवसर पर सीहोर विधायक सुदेश राय ने संगठन द्वारा किए गए शिक्षक हित में एवं सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रांतीय शिक्षक संघ मेरा परिवार है। मैं हमेशा प्रांतीय शिक्षक संघ के सकारात्मक कार्यों में उनके साथ हूं। जिला अध्यक्ष संजय सक्सेना ने कहा कि कैलेंडर प्रकाशित करने का मुख्य उद्देश्य संगठन के कार्यों को सभी को अवगत कराना है।

## विभिन्न कंपनियां 1173 पदों पर करेंगी भर्तियां

### पीएम श्री कॉलेज में रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 10 जनवरी को

सीहोर (निप्र)। जिला रोजगार कार्यालय (मॉडल कॅरियर सेंटर), जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं आईटीआई सीहोर द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में 10 जनवरी 2024 को प्रातः 10:30 बजे से 04 बजे तक युवां संगम में तहत रोजगार- स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेला में निजी क्षेत्र की एक्सिस बैंक, शिव शक्ति एग्रीटेक, पुखराज हेल्थ केयर प्रा लि एसआईएस सिक्योरिटी लिमिटेड, फीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी, सीथी, व्हीपी इंटरप्राईजेज, श्रीराम फाइनेंस, कॅरियर्स क्योर, मैग्नम ग्रुप भोपाल, एच.डी.बी. फाइनेंस सर्विस कम्पनियों द्वारा 1173 पदों पर एग्रीकल्चर, फाइनेंस, टेक्नोलॉजी, मैनुफैक्चरिंग, आटोमोबाईल, हेल्थ सेक्टरों के लिए 18 वर्ष से 35 वर्ष तक के 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आई.टी.आई., डिप्लोमा पास महिला पुरुषों आवेदकों का चयन किया जाएगा। इसके साथ हीं शासन के विभिन्न विभागों द्वारा स्वरोजगार के लिए पंजीयन प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की जायेगी। आईटीआई एवं डिप्लोमा पास आवेदकों को विभिन्न कम्पनियों में योग्यतानुसार अप्रेन्टिसशिप करने के लिए आवेदन की जानकारी दी जाएगी। इच्छुक आवेदक अपने सभी शैक्षणिक दस्तावेजों, समग्र आईडी एवं अन्य मूल प्रमाणपत्रों के साथ बायोडाटा, आई.डी.प्रूफ. 2 फोटो लेकर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में उपस्थित हो सकते हैं।

## एकलव्य कारपोरेट ट्राफी 2025: आदर्श ने खेली 98 रन की विस्फोटक पारी, आफिसर इलेवन ने वीवायसीसी को 35 रन से हराया



सीहोर (निप्र)। शहर के बीएसआई खेल मैदान पर जारी एकलव्य कारपोरेट ट्राफी 2025 में सोमवार को एक मैच खेला गया था। जिसमें आफिसर इलेवन ने वीवायसीसी को 35 रन के अंतराल से हराया। इस मैच में आदर्श राय ने मात्र 50 गेंद पर 10 चौके और पांच गगन भेदी छक्कों की मदद से 98 रन की पारी खेली थी, वहीं साथी खिलाड़ी ने विकास शास्ता ने 35 गेंद पर 50 रन बनाए।सोमवार की सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी आफिसर इलेवन ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 194 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसमें विकास शास्ता ने 35 गेंद पर 50 रन, आदर्श राय ने 50 गेंद पर 98 रन, जतिन मेवाड़ा ने 12 रन की शानदार पारी खेली। वैसे आफिसर इलेवन की शुरूआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज सचिन वर्मा 7 रन और नरेन्द्र गहलोत 8 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए थे। क्रीज पर आए आदर्श राय और विकास ने शतकीय साझेदारी करते हुए टीम का स्कोर बढ़ाया। वहीं निचले क्रम के बल्लेबाजों ने अच्छा साथ दिया।

इधर वीवायसीसी की ओर से गेंदबाजी करते हुए पियुष राज सक्सेना ने तीन विकेट, रितिक ने दो विकेट और उदय मिश्रा-सौरभ राजपूत ने 1-1 विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वीवायसीसी की टीम निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर मात्र 159 रन ही बना सकी। इसमें सोनू ने 13 रन, सागर शुक्ला ने 25 रन, शिवांश शर्मा ने 28 रन और पियुष राज सक्सेना ने 54 रन की पारी खेली। इधर आफिसर इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए राज कुशवाहा ने 3 ओवर में 23 रन देकर 3 विकेट, विपिन ने 4 ओवर में 33 रन देकर 2 विकेट और हेमंत चौरसिया, विशांक शिंदे, सचिन वर्मा और जतिन मेवाड़ा ने 1-1 विकेट हासिल किया।

आज होने वाले मुकाबले

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सोमवार को मैन आफ द मैच आफिसर इलेवन के आदर्श राय को 98 रन की विस्फोटक पारी की बदौलत दिया गया। मंगलवार को दो मुकाबले खेले जाएंगे।

**In the court of I additional district and Session judge,district court,sehore**
**Presiding Officer: श्री संजय गोयल**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु) (MJC/0000142/2024)**

**पार्वती ................................ बादी**
**VS**
**पब्लिक ............................ प्रतिवादी**

process Id-/2024

**पेशी दिनांक :- 09/01/2025**

**प्रेषिती**
( 1. ) **सर्वसाधारण का पता-तहसील व जिला सीहोर**

यह कि प्रार्थी **पार्वती** ने आपके विरूद्ध **विविध व्यवहार प्रकरण** के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो. और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 28 नवंबर 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायाधीश संजय गोयल**
**प्रथम जिला न्यायाधीश सीहोर ( म.प्र. )**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com